श्रावण मास, कृष्ण पक्ष 1 वर्ष, अंक 165, पृष्ठ 4, मूल्य 1.00

# अखण्ड भारत सन्देश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित


नगर संस्करण प्रयागराज बुधवार, 20 जनवरी, 2021

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान की एक अनुपम भेंट

## लिव-इन रिलेशनशिप पर इलाहाबाद हाई कोर्ट का महत्वपूर्ण फैसला

# शादीशुदा का दूसरे के साथ संबंध अपराध

**इलाहाबाद हाई कोर्ट ने कहा कि जो कानूनी तौर पर विवाह नहीं कर सकते उनका लिव-इन-रिलेशनशिप में रहना एक से अधिक पति या पत्नी के साथ संबंध रखना भी अपराध है। ऐसे लोगों को कोर्ट से संरक्षण नहीं दिया जा सकता है।**




**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने लिव-इन रिलेशनशिप को लेकर महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। हाई कोर्ट ने कहा कि शादीशुदा महिला दूसरे पुरुष के साथ पति-पत्नी की तरह रहती है तो इसे लिव-इन रिलेशनशिप नहीं माना जा सकता। किसी अन्य पुरुष अथवा स्त्री के साथ रहने पर वह शादीशुदा भारतीय दंड संहिता की धारा 494/495 के अंतर्गत अपराधी है। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने कहा कि परमादेश विधिक अधिकारों को लागू करने या संरक्षण देने के लिए जारी किया जा सकता है, किसी अपराधी को संरक्षण देने के लिए नहीं। यदि अपराधी को सुरक्षा देने का आदेश दिया गया है तो यह अपराध को संरक्षण देना होगा। कानून के खिलाफ कोर्ट अपनी अंतर्निहित शक्तियों का प्रयोग नहीं कर सकता।

यह आदेश न्यायमूर्ति एसपी केशरवानी व न्यायमूर्ति डॉ. वाईके श्रीवास्तव की खंडपीठ ने हाथरस जिले के ससनी थाना क्षेत्र की निवासी आशा देवी व अरविंद की याचिका को खारिज करते हुए दिया है। याची आशा देवी का विवाह महेश चंद्र के साथ हुआ है। दोनों के बीच तलाक नहीं हुआ है। लेकिन, याची अपने पति से अलग दूसरे पुरुष के साथ पति और पत्नी की तरह रहती है।

याची का कहना था कि वह दोनों लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहे हैं। उन्हें परिवार वालों से सुरक्षा प्रदान की जाए। कोर्ट ने कहा कि यह लिव-इन रिलेशनशिप नहीं है, वरन दुष्कर्म का अपराध है, जिसके लिए पुरुष अपराधी है। कोर्ट ने कहा कि शादीशुदा महिला के साथ धर्मा परिवर्तन करके लिव-इन रिलेशनशिप में रहना भी अपराध है। इसके लिए अवैध संबंध बनाने वाला पुरुष अपराधी है। ऐसे संबंध वैधानिक नहीं माने जा सकते।

कोर्ट ने कहा कि जो कानूनी तौर पर विवाह नहीं कर सकते, उनका लिव-इन रिलेशनशिप में रहना, एक से अधिक पति या पत्नी के साथ संबंध रखना भी अपराध है। ऐसे लोगों को कोर्ट से संरक्षण नहीं दिया जा सकता है।

## देश में 6 लाख से ज्यादा स्वास्थ्यकर्मियों को लगे टीके



**नई दिल्ली, प्रेट्र।** देश में टीकाकरण अभियान के चौथे दिन मंगलवार को पौने दो लाख से अधिक स्वास्थ्यकर्मियों को टीके लगाए गए। इसके साथ ही अब तक सवा छह लाख से ज्यादा स्वास्थ्यकर्मियों को कोरोना वैक्सीन लगाई जा चुकी है, जिनमें से सिर्फ नौ लोगों को गंभीर प्रतिकूल असर नजर आने के बाद अस्पताल में भर्ती कराने की जरूरत पड़ी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि देश के विभिन्न राज्यों में कुल 3,800 सत्रों में मंगलवार शाम छह बजे तक 1,77,368 स्वास्थ्यकर्मियों को टीके लगाए गए। मंत्रालय ने बताया कि लाभार्थियों के अंतिम आंकड़ों की जानकारी देर रात तक चल पाएगी। मंत्रालय के मुताबिक देशभर में पिछले चार दिनों के टीकाकरण अभियान में कुल 6.31 लाख स्वास्थ्यकर्मियों को टीके लगाए जा चुके हैं। टीका लगाए जाने के बाद कुछ लोगों पर हल्के प्रतिकूल प्रभाव नजर आए थे, जिनमें मिचली, सिर में दर्द, टीके लगाने वाली जगह पर दर्द और सूजन शामिल है।

इनमें से सिर्फ नौ लोगों को गंभीर दुष्प्रभाव के चलते अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा था। इनमें से चार लोग दिल्ली के शामिल थे, जिनमें से तीन लाभार्थियों को अस्पताल से छुट्टी भी मिल गई है। मंत्रालय ने कहा कि चौथे दिन का टीकाकरण अभियान सफल रहा। अब तक जितने लोगों को टीका लगाया जा चुका है, उनमें कर्नाटक के 80,686, तेलंगाना के 69,405, बंगाल के 42,093, बिहार के 42,085, तमिलनाडु के 25,251, केरल के 23,855 और उत्तर प्रदेश के 22,644 लाभार्थी शामिल हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन ने मंगलवार को कहा कि कोरोना वैक्सीन के बारे में पूरी जानकारी हुए बिना उसके बारे में भ्रम फैलाना बहुत ही गलत काम है। भारत बायोटेक द्वारा कोवैक्सीन को लेकर फैक्टशीट जारी करने के बाद पूछे गए सवाल पर ट्वीट कर उन्होंने यह बात कही। वहीं, स्वास्थ्य मंत्रालय ने भी 15 जनवरी के हर्षवर्धन के एक ट्वीट का उल्लेख किया, जिसमें उन्होंने उन लोगों की पूरी सूची दी थी, जिन्हें वैक्सीन नहीं लगवानी चाहिए। हर्षवर्धन ने कहा कि किसे वैक्सीन लेनी चाहिए और किसे नहीं, यह जानकारी पहले से ही सार्वजनिक क्षेत्र में है।

## अखिलेश यादव ने भारतीय क्रेकेट टीम को दी बधाई

**बोले- सत्ता में आए तो 'टेनिस क्रिकेट' को देंगे मान्यता**



**लखनऊ, जेएनएन।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय क्रिकेट टीम की ऑस्ट्रेलिया में ऐतिहासिक टेस्ट सीरीज की जीत पर बधाई देते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार आने पर 'टेनिस क्रिकेट' को मान्यता दी जाएगी। 'टेनिस बॉल क्रिकेट' की तरह ही खेला जाता है, लेकिन इसे लॉन टेनिस बॉल से खेला जाता है, जबकि सामान्य क्रिकेट हार्ड बॉल का इस्तेमाल होता है।

समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को ट्वीट कर भारतीय क्रिकेट टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि 'भारतीय क्रिकेट टीम को आस्ट्रेलिया में टेस्ट सीरीज जीतने पर हार्दिक बधाई। सपा की सरकार आने पर ह्यटेनिस क्रिकेटह्न को मान्यता दी जाएगी।'

बता दें कि भारतीय क्रिकेट टीम ने ऑस्ट्रेलिया को ब्रिसबेन टेस्ट मैच में तीन विकेट से हरा दिया है। इसके साथ ही भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया में लगातार दो टेस्ट सीरीज जीतकर इतिहास रच दिया। ऑस्ट्रेलिया की ओर से दिए गए 328 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने सात विकेट पर 329 रन बनाए। इस तरह भारत ने सीरीज दो-एक से अपने नाम कर ली। विराट कोहली की गैर मौजूदगी के बावजूद भारतीय क्रिकेट टीम ने अजिंक्य रहाणे की कप्तानी में यह कीर्तिमान रचा है।

**'तांडव' वेब सीरीज के लिए पूरा प्रदेश कर रहा 'तांडव' :** वेब सीरीज 'तांडव' को लेकर चल रहे विवाद पर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को कहा कि छोटी सी वेब सीरीज 'तांडव' पर आज पूरा प्रदेश 'तांडव' कर रहा है। भाजपा चाहती है कि इस तरह की बहस में पूरा देश उलझा रहें, ताकि असल मुद्दों की तरफ लोगों का ध्यान न जाए। एक प्रश्न के जवाब में अखिलेश ने कहा कि मैंने तो यह वेब सीरीज देखी तक नहीं है।

**सपा अध्यक्ष का दावा, भाजपा विधायक बगावत को थे तैयार :** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि विधान परिषद चुनाव में भाजपा ने सपा को कोई वाकओवर नहीं दिया है। भाजपा के विधायक तो बगावत करने को तैयार थे। भाजपा चुनाव नहीं चाहती थी इसलिए उसने केवल 10 प्रत्याशी ही खड़े किए। हमसे गलती हो गई जो हमने विधान परिषद में तीसरा प्रत्याशी नहीं लड़ाया। अगर खड़ा किया होता तो भाजपा के विधायक ही सपा का तीसरा प्रत्याशी जिता देते। प्रदेश कार्यालय में विभिन्न जिलों के युवा आइकान पुरस्कार से सम्मानित युवा व सीतापुर के भाजपा नेता आशीष मिश्र मंगलवार को अपने समर्थकों के साथ सपा में शामिल हुए। इस मौके पर पत्रकारों से अखिलेश ने कहा कि भाजपा के पास गणतंत्र दिवस के दिन किसानों की बात मानने का अच्छा मौका है। किसानों के आंदोलन को समाजवादी पार्टी का पूरा समर्थन है। भाजपा को किसानों की बात इसलिए नहीं समझ में आ रही है क्योंकि इनके पास खेत खलिहान नहीं हैं।

## श्रीराम जन्मभूमि परिसर में नींव की खोदाई का काम तेज, पहुंचने लगे पत्थर

**अयोध्या में होने वाली मंदिर निर्माण समिति की बैठक की तैयारी भी पूरी कर ली गई है। ट्रस्ट के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र के अयोध्या पहुंचने की उम्म्मीद है। बुधवार को वह एलएंडटी व टाटा कंपनी के विशेषज्ञों के साथ बैठक करेंगे और परिसर का निरीक्षण करेंगे।**



**अयोध्या, जेएनएन।** अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर निर्माण के लिए नींव की खोदाई के काम में मंगलवार से और तेजी आ गई। कार्यदायी संस्था लार्सन एंड टुब्रो ने नींव की खोदाई को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए पोकलैंड मशीनों की संख्या बढ़ा दी है। अभी तक एक पोकलैंड कार्य कर रही थी, तो मंगलवार से दो पोकलैंड की मदद से नींव की खोदाई आरंभ कर दी गई। मुख्य गर्भगृह में भी नींव खनन का काम चल रहा है। राममंदिर नींव की खोदाई के समानांतर इसमें प्रयुक्त होने वाले पत्थर भी अयोध्या लाये जाने लगे हैं। ये पत्थर मिर्जापुर से लाये जा रहे हैं। इन्हें श्रीराम जन्मभूमि परिसर में रखा जा रहा है। पत्थरों की अभी कई और खेप आनी हैं। बुधवार को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण समिति के पदाधिकारियों के आगमन को लेकर कार्यदायी संस्था पूरी तत्परता बरत रही है और इसी का परिणाम है कि परिसर में मंदिर निर्माण से जुड़ी हलचल बढ़ गयी है। प्रस्तावित मंदिर की जद में आने वाले प्राचीन मंदिरों के अवशेषों को हटाने का कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है। इसके लिए डंपर और कई ट्रालियां लगी हैं।

अयोध्या में 21-22 जनवरी को होने वाली मंदिर निर्माण समिति की बैठक की तैयारी भी पूरी कर ली गई है। मंगलवार देर रात ट्रस्ट के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र के अयोध्या पहुंचने की उम्म्मीद है। बुधवार को वह एलएंडटी व टाटा कंपनी के विशेषज्ञों के साथ बैठक करेंगे और परिसर का निरीक्षण करेंगे। इसी बैठक में खोदाई के बाद नींव का निर्माण शुरू होने की प्रक्रिया को हरी झंडी दी जानी है। दिल्ली में आयोजित पिछली बैठक में नींव की नई डिजाइन पर चर्चा हुई और अनौपचारिक रूप से इसे सदस्यों ने स्वीकार भी कर लिया है। इसी के बाद से नींव की खोदाई का कार्य शुरू हुआ। नींव का निर्माण अब पारंपरिक निर्माण शैली के अनुरूप कंटीन्युअस राफ्ट स्टोन प्रणाली के तहत होगा।

## किसान आंदोलन: कमेटी पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी, सदस्य जज नहीं हैं वे दे सकते हैं सिर्फ अपनी राय



**नई दिल्ली, जागरण ब्यूरो।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को एक अहम टिप्पणी में कहा कि किसी मामले में पूर्व में व्यक्त की गई राय से कोई व्यक्ति उसी मुद्दे पर बनने वाली कमेटी में सदस्य नियुक्त होने के अयोग्य नहीं हो जाता। किसी व्यक्ति की अपनी राय हो सकती है और वह राय बदल भी सकती है। अब लोग पढ़े-लिखे और जानकार हैं इसलिए अपनी राय बना सकते हैं, लेकिन यह आधार उन्हें कमेटी का सदस्य बनने के अयोग्य नहीं बनाता। सुप्रीम कोर्ट ने ये टिप्पणी तो अदालतों में लंबित क्रिमिनल केसों के त्वरित निपटारे की गाइडलाइन तय करने के मामले में सुनवाई के दौरान की, लेकिन ये टिप्पणियां किसानों के मामले में गठित कमेटी के सदस्यों पर उठ रहे विवादों को देखते हुए भी बहुत अहम हैं।

सुनवाई कर रही पीठ की अध्यक्षता प्रधान न्यायाधीश एसए बोबडे कर रहे थे। उन्होंने अन्य मामले पर सुनवाई के दौरान कहा कि कमेटियों के गठन के बारे में भ्रम है। हर किसी को राय व्यक्त करने का अधिकार है। हर किसी की राय हो सकती है। उसकी राय बदल भी सकती है। अगर किसी ने पूर्व में किसी मुद्दे पर अपनी राय दी है तो वह व्यक्ति उसी मुद्दे पर बनने वाली कमेटी में सदस्य नियुक्त होने के अयोग्य नहीं हो जाता।

कमेटी के सदस्य जज नहीं होते। यह कोई चयन और नियुक्तियों की कमेटी का मामला नहीं है। चयन कमेटी में अंतर होता है, वह अलग मामला होता है जिसमें किसी आवेदक के प्रति पूर्वाग्रह की बात उठ सकती है।सुप्रीम कोर्ट ने 12 जनवरी को कृषि कानूनों के विरोध में आंदोलन कर रहे किसानों और सरकार के बीच जारी गतिरोध खत्म करने के लिए चार सदस्यीय कमेटी का गठन किया था। लेकिन कमेटी के सदस्यों द्वारा कृषि कानूनों को लेकर पूर्व में व्यक्त की गई राय को आधार बनाते हुए कमेटी में उन्हें शामिल किए जाने का विरोध किया जा रहा है।

यहां तक कि प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस ने भी कमेटी के सदस्यों की पूर्व में कृषि कानूनों के समर्थन में व्यक्त की गई राय को लेकर सवाल उठाया था। कानूनों के विरोध में आंदोलन कर रहीं कई किसान यूनियनों ने भी सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित कमेटी के समक्ष पेश नहीं होने की घोषणा की है। सुप्रीम कोर्ट कमेटी की पहली बैठक भी मंगलवार को थी।

## 21 जनवरी को होगी SC पैनल और किसानों की बैठक : अनिल घनवट




**नई दिल्ली, प्रेट्र।** कृषि कानूनों पर नियुक्त किए गए सुप्रीम कोर्ट पैनल की मंगलवार को पहली बैठक संपन्न हुई। इसके बाद पैनल के सदस्य अनिल घनवट ने कहा कि किसानों और अन्य हितधारकों की मीटिंग के लिए गुरुवार, 21 जनवरी का दिन निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया, 'पैनल के सामने सबसे बड़ी चुनौती प्रदर्शनकारी किसानों को बातचीत के लिए तैयार करने की है। हम इसका यथासंभव प्रयास करेंगे।'

उन्होंने आगे बताया कि पैनल केंद्र और राज्य सरकारों के अलावा किसानों और सभी अन्य हितधारकों की कृषि कानूनों पर राय जानना चाहती है। उन्होंने कहा, 'पैनल के सदस्य सुप्रीम कोर्ट में पेश करने वाले रिपोर्ट तैयार करने के दौरान कृषि कानूनों पर अपने व्यक्तिगत विचारों को अलग रखेंगे।' 11 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट ने चार सदस्यीय पैनल का गठन किया था। कृषि कानूनों का समर्थन करने वाले और विरोध करने वाले किसानों का पक्ष सुनकर दो महीने के भीतर पैनल को अपनी रिपोर्ट कोर्ट के समक्ष पेश करना है। पैनल से खुद को हटाने वाले मान की जगह किसी अन्य को शामिल करने के सवाल पर उन्होंने कहा कि इसका गठन सुप्रीम कोर्ट ने किया है और इसका फैसला भी वही लेगी। घनवट ने कहा कि हमें जिम्मेदारी दी गई है और हम उसका ठीक से निर्वहन कर रहे हैं।

बता दें कि इस पैनल में अनिल घनवट के अलावा भारतीय किसान यूनियन के अध्यक्ष भूपिंदर सिंह मान, कृषि-अर्थशास्त्रियों अशोक गुलाटी और प्रमोद कुमार जोशी को शामिल किया गया था। लेकिन इसमें से एक भूपिंदर सिंह मान ने इसमें से खुद को अलग कर लिया था। दरअसल आंदोलन कर रहे किसान यूनियनों ने सवाल उठाया था जिसमें सभी सदस्यों द्वारा कृषि कानूनों के समर्थन में दिए गए बयानों का जिक्र किया गया। उल्लेखनीय है कि कोर्ट 11 जनवरी को अगले आदेश तक तीनों कृषि कानूनों के अमल पर भी रोक लगा दी थी। बुधवार, 20 जनवरी को सरकार और किसानों के बीच 10वें राउंड की बैठक होनी है। यह बैठक आज मंगलवार को ही होनी थी लेकिन इसे टाल दिया गया।

## सरकार ने ट्रिपल आइटी, एनआइटी के प्रवेश नियमों में दी राहत

**12वीं में 75 फीसद अंक जरूरी नहीं**



**नई दिल्ली, जेएनएन।** आइआइटी के बाद सरकार ने अब जेईई मेंस के आधार पर ट्रिपल आइटी और एनआइटी जैसे शीर्ष इंजीनियरिंग संस्थानों में प्रवेश लेने के इच्छुक छात्रों को भी बड़ी राहत दी है। कोरोना संकट को देखते हुए इन संस्थानों में प्रवेश की पात्रता में 12वीं में 75 फीसद अंक की अनिवार्यता समाप्त कर दी है। यानी अब इन संस्थानों में प्रवेश के लिए भी गणित, भौतिकी और रसायन विषयों के साथ 12वीं पास होना ही जरूरी होगा।

केंद्रीय शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ने मंगलवार को ट्वीट कर इस फैसले की जानकारी दी। साथ ही बताया कि कोरोना संकट को देखते हुए इस अनिवार्यता को सिर्फ 2021-22 के प्रवेश के लिए ही शिथिल किया गया है। इसके बाद यह नियम पहले जैसे ही प्रभावी रहेंगे। मंत्रालय ने यह फैसला देश भर के छात्रों की मांग के बाद लिया है। वे आइआइटी में प्रवेश के लिए राहत दिए जाने के बाद इन संस्थानों में भी वैसी ही राहत देने की मांग कर रहे थे। शिक्षा मंत्रालय ने हाल ही में इसे लेकर नेशनल टेस्टिंग एजेंसी और जेईई मेंस के जरिये प्रवेश देने वाले शीर्ष इंजीनियरिंग संस्थानों के साथ चर्चा की। इसके बाद छात्रों को यह राहत देने का फैसला लिया गया। मौजूदा समय में देश में करीब 37 एनआइटी और 25 ट्रिपल आइटी जैसे इंजीनियरिंग संस्थान हैं। गौरतलब है कि इससे पहले केंद्रीय मंत्री निशंक ने आइआइटी के प्रवेश में भी 12वीं में 75 फीसद अंकों की अनिवार्यता से छात्रों को राहत दी थी। फिलहाल आइआइटी में प्रवेश जेईई एडवांस के जरिये होता है। उसके लिए छात्रों का चयन जेईई मेंस से किया जाता है। ऐसे में जिन छात्रों को आइआइटी में प्रवेश नहीं मिल पाता, वे जेईई मेंस की मेरिट के आधार पर एनआइटी और ट्रिपल आइटी जैसे संस्थानों में प्रवेश लेते हैं।

# वेब सीरीज 'तांडव' को लेकर यूपी में बढ़ रहा गुस्सा

**धार्मिक भावनाएं भड़काने पर कार्रवाई की मांग**

**अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज सैफ अली खान अभिनीत वेबसीरीज तांडव में देवताओं की छवि खराब किए जाने को लेकर लोगों का रोष बढ़ता ही जा रहा है। इसको लेकर प्रदेश के कई जिलों में जुलूस नारेबाजी पुतला दहन और प्रदर्शन हुए।**




लखनऊ, जेएनएन। अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज सैफ अली खान अभिनीत वेब सीरीज 'तांडव' में देवताओं की छवि खराब किए जाने को लेकर लोगों का रोष बढ़ता ही जा रहा है। इसको लेकर उत्तर प्रदेश के कई जिलों में जुलूस, नारेबाजी, पुतला दहन और प्रदर्शन हुए। हिंदू संगठनों ने सीरीज के निर्देशक पर धार्मिक भावनाएं भड़काने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद समेत प्रमुख संत-महात्माओं ने भी नाराजगी दिखाते हुए सरकार से जल्द कार्रवाई की मांग की है। कई जिलों में मुकदमा भी दर्ज कराया गया है। वेब सीरीज के निर्देशक अली अब्बास जफर माफी मांग चुके हैं, लेकिन लोग इससे संतुष्ट नहीं हैं।

बिजनौर के धामपुर में हिंदू युवा वाहिनी के कार्यकताओं ने सीरीज के निमार्ताओं का पुतला फूंका और एसडीएम को ज्ञापन देकर उचित कार्रवाई की मांग की। चांदपुर की दया विहार कालोनी स्थित हिंदू जागरण मंच के कार्यालय पर हुई बैठक में सीरीज की निंदा की गई। विश्व धर्मार्थ परिषद ने डीएम को ज्ञापन देकर वेब सीरीज पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। बागपत के बड़ौत और अग्रवाल मंडी टटीरी में हिंदू संगठन के कार्यकताओं ने प्रदर्शन कर फिल्म डायरेक्टर अली अब्बास जफर के पुतले फूंके।

मुजफ्फरनगर में हिंदू जागरण मंच ने शिवचौक पर नारेबाजी करते हुए डायरेक्टर का पुतला फूंका। भोपा थाने में सोमवार शाम के समय कई भाजपा नेताओं ने तांडव के निमार्ता निर्देशक और अभिनेताओं के खिलाफ तहरीर दी थी। मंगलवार शाम तक पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। सहारनपुर के गंगोह में भी हिंदू युवा वाहिनी ने ज्ञापन देकर सीरीज पर प्रतिबंध की मांग की। शामली में राष्ट्रीय हिंदू रक्षा सेना ने और कैराना में अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद और बजरंग दल ने राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को ज्ञापन देकर सीरीज पर प्रतिबंध की मांग की है। बांदा में विश्व हिंदू महासंघ ने निर्देशक अली अब्बास जफर का पुतला फूंका।

**'तांडव' पर गुस्से में संत-महंत :** प्रयागराज में संत-महंतों में जबरदस्त नाराजगी है। वे भविष्य में ऐसी वेब सीरीज को रोकने के लिए सरकार से जरूरी कदम उठाने की मांग कर रहे हैं। सोमवार को दंडी स्वामियों ने प्रदर्शन भी किया था। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद अध्यक्ष महंत नरेंद्र गिरि कहते हैं कि माफी मात्र से बात नहीं बनेगी। पूरी सीरीज पर ही प्रतिबंध लगना चाहिए। अखाड़ा परिषद अध्यक्ष कहते हैं कि साजिश के तहत देवी-देवताओं, संतों व सनातन परंपराओं का फिल्मों के जरिए उपहास उड़ाया जाता रहा है। कला के नाम पर हम यह मनमानी स्वीकार नहीं करेंगे।

**उपहास उड़ाने की आजादी किसी को नहीं :** अखिल भारतीय दंडी संन्यासी परिषद के संरक्षक जगद्गुरु स्वामी महेशाश्रम और अध्यक्ष स्वामी ब्रह्माश्रम कहते हैं कि हिंदुओं की आस्था का उपहास उड़ाने वाली अभिव्यक्ति की आजादी किसी को नहीं है। हमारे आराध्य, आस्था व परंपरा को जो भी गलत स्वरूप में दिखाएगा, उसे सजा भुगतनी पड़ेगी। महामंडलेश्वर सरयू दास ने तांडव, आश्रम जैसी वेब सीरीज को साजिश का अंग बताया। कहा कि ऐसी वेब सीरीज पर रोक लगाने के लिए सरकार ठोस कानून बनाए। स्वामी रामतीर्थ दास ने भी देवी-देवताओं का अपमान अक्षम्य बताया।

**सैफ अली का पुतला फूंका :** बदायूं और बरेली में विहिप पदाधिकारियों ने कलक्ट्रेट में ज्ञापन अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। शाहजहांपुर में विहिप कार्यकताओं ने अभिनेता सैफ अली का पुतला फूंक कर प्रदर्शन किया। हिंदू जागरण मंच के लोगों ने कलक्ट्रेट में ज्ञापन सौंपा। मुरादाबाद शहर में दो स्थानों में प्रदर्शन किया गया। करणी सेना ने फिल्म के खिलाफ प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। शिवसेना ने ताड़ीखाना चौराहे पर फिल्म अभिनेता सैफ अली खान का पुतला फूंका।

## संक्षेप समाचार

### यातायात पुलिस ने निकाली जागरूकता रैली

**प्रयागराज।** सड़क हादसों में कमी लाने के लिए यातायात पुलिस सड़क सुरक्षा माह के तहत लोगों को जागरूक करने में लग गई है। मंगलवार को यातायात पुलिस लाइन में एएसपी ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रैली रवाना की। पुलिस जिले में चिन्हित ब्लैक स्पॉट पर साइन बोर्ड लगा कर लोगों को सतर्क करेगी। इसके अलावा यातायात नियमों का पालन कराने के लिए कड़ाई भी की जाएगी। 18 जनवरी से यूपी पुलिस सड़क सुरक्षा माह मना रही है। 17 फरवरी को इसका समापन होगा। यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को एएसपी सोमेंद्र मीणा ने यातायात पुलिस लाइन में इसकी शुरूआत की। बाइक से निकली ट्रैफिक पुलिस को हरी झंडी दिखाई। यातायात पुलिस ने शहर में रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया। उन्हें बताया कि यातायात नियमों का पालन नहीं करने से ही सड़क हादसों में मरने वालों की संख्या बढ़ रही है। जाड़े में कोहरा होने पर गाड़ियां धीरे धीरे चलायें।

# विधवा की गृहस्थी जलकर खाक

## आग की चपेट में आने से गाय की दर्दनाक मौत






आग में जलकर खाक गृहस्थी व मृत गाय

**हंड़िया।** हंड़िया थाना क्षेत्र के ग्रामसभा टेला लाला पूरा गांव में सोमवार को देर रात एक विधवा के मड़ई में आग लग गई। आग इतनी भयानक थी कि लोग कुछ समझ पाते तब तक उसकी गृहस्ती जलकर खाक हो चुकी थी। यही नहीं आग की चपेट में आने से दुधारू गाय की भी दर्दनाक मौत हो गई । घटना की सूचना स्थानी पुलिस एवं तहसीलदार हंड़िया को दिया गया।

आपको बता दें कि हंड़िया थाना क्षेत्र के अंतर्गत टेला लाला पुरा निवासी बौरहिया राजमणि बिंद के मड़ई में देर रात अचानक आग लग गई , जब समूचा परिवार खान खाकर सो रहा था । उसी में दूसरी तरफ मवेशी भी बने थे , आग की लपटें विकराल रूप धारण किया। जब तक लोग कुछ समझ पाते तब तक विधवा की समुचित गृहस्थी जलकर राख हो चुकी थी । दूसरी तरफ मड़ई में बंधी दुधारू गाय भी जलकर मर चुकी थी । कृपा भगवान की रही की उसी मड़ई के नीचे सो रहे परिवार वाले बाल-बाल बच गए। यही नहीं एक 5 साल का अबोध बालक भी बाल-बाल बच गया। घटना की सूचना हंड़िया पुलिस को देते हुए ग्रामीणों ने तहसीलदार हंड़िया को भी अवगत कराया । मामले की जानकारी होते हुए तहसील हंड़िया ने हल्का लेखपाल को मौके पर भेज कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। स्थानी लेखपाल अरविंद सिंह मौके पर पहुंचकर मौका मुआयना कर घटना की सूचना प्रशासनिक अधिकारियों को दिया है । तहसीलदार ने बताया है कि पीड़ित परिवार को यथासंभव सहायता राशि प्रदान की जाएगी।

### मऊआइमा में दो अलग अलग स्थानों पर हुई हत्याओं का नहीं लगा सुराग

**मऊआइमा।** मऊआइमा क्षेत्र में एक के बाद एक हो रही हत्या का मऊआइमा पुलिस सुराग लगाने में अभी तक असफल रही है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम चक फैजुल्ला उर्फ भोंका निवासी दिलीप कुमार 35वर्ष पुत्र छेदी लाल का शव 27 दिसम्बर को मऊआइमा के ग्राम गमरहटा में नहर के निकट सिर में गंभीर चोटें पहुंचा कर हत्या की गई थी। जिसमें पुलिस ने अज्ञात कातिलों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। आज तक दिलीप कुमार के हत्यारों को पुलिस पता नहीं लगा सकी है । दूसरी ओर 15 जनवरी को ग्राम कटभरपरमेजपुर निवासी आदर्श कुमार गौतम12वर्ष पुत्र सरकेश कुमार गौतम का शव खून से लथपथ हालत में घर से सौ मीटर दूर एक नाले के पास मिला। जिसके सिर में गंभीर चोटें आयी थी । पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी सिर में गंभीर चोटों के कारण हत्या की पृष्टी हुई थी। इस मामले में भी अज्ञात कातिलों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है । इस मामले में भी पुलिस आज तक हत्यारों का पता नहीं लगा सकी है । जिससे अपराधियों के हौसले पूरी तरह बुलंद हैं।

# हिन्दू देवी देवताओं पर टिप्पणी से आहत करणी सेना ने किया प्रदर्शन

**बरौत।** वेब सीरीज तांडव में हिन्दू देवी देवताओं को अभद्र तरीके सें दिखाये जाने से आहत करणी सेना ने विरोध जताया है। सैनिकों ने दोषियों के ऊपर कार्यवाही की मांग करते हुऐ पुतला दहन किया।

हंडिया कस्बे में करणी सेना के जिलाध्यक्ष विनोद पांडेय की अगुवाई में करणी सेना ने फिल्म के निर्देशक, निमार्ता व कलाकारों पर कार्यवाही की मांग करते हुये पुतला दहन किया। सैनकों ने अरोपियो के खिलाफ नारेबाजी करते हुऐ कार्यवाही की मांग की। विनोद पांडेय ने कहा कि बालिवुड में बन रही कुछ फिल्में हिंदु फोबिया की शिकार है। दर्जनों ऐसी फिल्में बनाई गई है जिसमें हिन्दू देवी देवताओं का चित्रण घटिया तरीके सें किया गया है। विरोध होने पर अरोपी एक माफीनामा देकर अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर लेते है। सरकार ऐसे लोगों के खिलाफ कानून बनायें जिससे भविष्य में कोई भी इस तरह की हरकत ना कर सके। इस मौके पर सर्वेश दूबे, ज्ञानेंद्र सिंह, डा राजेश कुमार यादव, जीतलाल यादव, देवानंद पाल, नागेंद्र यादव, मिथिलेश यादव, श्यामसुंदर गुप्ता, नागेश यादव, उमेश चौरसिया सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### बेनीपुर में शिक्षकों ने की शोक सभा

**करछना।** करछना क्षेत्र के पं. परमेश्वर दीन मिश्र इंटर कॉलेज बेनीपुर में शिक्षकों के मसीहा ओम प्रकाश शर्मा के निधन पर शोक सभा एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन प्रधानाचार्य महेंद्र कुमार तिवारी की अध्यक्षता में सोमवार को किया गया । जिसमें विद्यालय के शिक्षक ए के सिंह अंजनी कुमार, नीलम त्रिपाठी शेषमणि, अयोध्या प्रसाद, मनोज कुमार शुक्ला, आशुतोष मिश्रा, शैलेंद्र शुक्ला, अक्षय कुमार शर्मा सहित समस्त शिक्षक एवं छात्र छात्रा उपस्थित रहे । शोकसभा का संचालन मिथिलेश कुमार ने किया।

# महाविद्यालय के प्रबंधक ने सौंपा एक लाख से अधिक का चेक



श्रीराम मंदिर निर्माण हेतु सहयोग राशि सौंपते हुए

**सहसों।** राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण हेतु सौंपा 1 लाख 11 हजार 111 रुपये का चेक। आर0 डी0 सिंह विधि महाविद्यालयए सुखदेव सिंह महाविद्यालय कसेरूआ कला एवं आर0डी0 सिंह कॉलेज आफ एजुकेशन बसमहुआ सहसों प्रयागराज के प्रबंधक व भाजपा युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष विपेन्द्र सिंह पटेल ने श्री राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण के लिए सोमवार को 1 लाख 11 हजार 111 रुपए की धनराशि का चेक दान स्वरूप प्रदान किया। इस मौके पर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष अमरनाथ तिवारी, पूर्व जिला उपाध्यक्ष वीरेन्द्र बहादुर सिंह, अरुण कुमार मिश्र ने सहयोग की इस राशि के लिए बहुत प्रसन्शा किया। इसी तरह सहसों निवासी ईंट भट्ठा ब्यावसायी मनोज कुमार तिवारी ने भी श्री राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण के लिए 51000 हजार रुपए की सहयोग राशि का चेक प्रदान किया। इस अवसर पर रमेश चन्द्र द्विवेदी, ब्रिजेश कुमार तिवारीए नितिन कुमार, उमेश चन्द्र आदि रहे।

# लूटपाट के बाद बुजुर्ग दंपती का पैर छूकर लिया था आशीर्वाद, एक शातिर गिरफ्तार

**प्रयागराज।** मम्फोर्डगंज में रहने वाले बुजुर्ग दंपती कृष्ण चंद्र श्रीवास्तव और उनकी पत्नी ज्योति श्रीवास्तव को बंधक बनाकर लूटपाट करने, पानी पिलाने और पैर छूकर आशिर्वाद लेने वाले एक बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मुख्य आरोपित सूरज सिंह और उसका साथी रवि पटवा अभी फरार चल रहे हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए एसओजी और कर्नलगंज पुलिस छापेमारी कर रही है।

कर्नलगंज के मम्फोर्डगंज निवासी रिटायर्ड रेलकर्मी कृष्ण चंद्र श्रीवास्तव के घर में घुसकर 12 दिसंबर 2020 की सुबह नकाबपोश तीन बदमाशों ने लूटपाट की थी। इससे इलाके में खलबली मच गई थी। लुटेरों की तलाश में पुलिस और एसओजी की टीम लगी थी। इसी बीच कुछ सुराग मिला। तब एसओजी सिटी प्रभारी शैलेष सिंह और इंस्पेक्टर कर्नलगंज विनीत सिंह ने घेरेबंदी कर गोपाल को दबोच लिया।

वह मूलरूप से गाजीपुर जिले के भांवरकोल थाना क्षेत्र के बड़का शेरपुर गांव रहने वाला है। लक्ष्मी टॉकीज चौराहे पर फल की दुकान लगाता है और किराए का कमरा लेकर यहां रहता है। एसपी सिटी दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि फरार अभियुक्त रवि पटवा माधोकुंज कटरा और सूरज सिंह सरायइनायत का रहने वाला है। दोनों का आपराधिक इतिहास है। पूछताछ में पता चला है कि सूरज सिंह के बुआ का मकान रिटायर्ड कर्मचारी के घर के पास है। वहां आने-जाने के दौरान ही सूरज को बुजुर्ग दंपती को अकेले रहने का पता चला। तब उसने सुबह रेकी की और देखा कि एक ताला आसानी से खुल जाता है। फिर उसने गोपाल और रवि के साथ मिलकर लूट की योजना बनाई थी।

# श्रीमती जगवंती देवी रामयश इंटर कॉलेज में 200 मास्क का वितरण



मास्क के साथ छात्राएं

**प्रतापपुर ।** क्षेत्र के अनुवां शिवपुर गाँव में स्थित श्रीमती जगवंती देवी रामयश इंटर कॉलेज में 200 मास्क का निशुल्क वितरण छात्र छात्राओं के बीच प्रधानाचार्य पुष्पराज यादव द्वारा किया गया। इस अवसर पर वैश्विक बिमारी से छात्र छात्राओं को बचाने के लिए विभिन्न प्रकार के तरीके, सुझाव को प्रधानाचार्य ने बताया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं कर्मचारी, बच्चे मौजूद रहे।

# मिशन प्रेरणा में बुनियादी शिक्षा व गुणवत्ता तकनीकी की दी गई जानकारी

**करछना।** विकास खंड करछना के न्याय पंचायत घोड़ेडीह में शिक्षक संकुल की मासिक बैठक आयोजित की गई ।जिसमें मिशन प्रेरणा के अंतर्गत बुनियादी शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार और सामाजिक विषय शिक्षण की तकनीकियों पर चर्चा की गई।

बैठक का प्रारंभ अभियान गीत से हुआ। रोशन सिंह ने प्रारंभिक स्तर पर भाषा और गणित विषयों को रोचक तरीकों व गतिविधियों से शिक्षण कराया जाए ताकि इन विषयों पर बच्चों की समझ का विकास करते हुए सीखने सिखाने की मजबूत आधारशिला रखी जा सके नीता मेहोत्रा ने परंपरागत शिक्षण में सुधार करके कक्षा शिक्षण को रुचिकर एवं आनन्ददायी बनाने के लिए ध्यानाकर्षण मॉडल में दी गई अट्ठारह



संकुल घोडेडीह में तकनीकी शिक्षा पर जानकारी देती शिक्षिका

तकनीकों के प्रयोग का सुझाव दियो निर्मल सिंह ने बताया कि बच्चों में संज्ञानात्मक एवं भावात्मक विकास और आदर्श व्यक्तित्व निर्माण में विद्यालय विद्यालय का वातावरण और सुबह की प्रार्थना सभा के प्रेरक प्रसंग और पाठ्य सहगामी क्रिया कलाप बहुत ही सहायक होती है विद्यालय में सरल एवं सहज वातावरण बना करके सभी बच्चों को सीखने के समान अवसर उपलब्ध करायें। प्रभावी शिक्षण की तकनीकी यों को चरणबद्ध तरीके से लागू करें प्राथमिक शिक्षा को सफल बनाने के लिए अभिभावकों के सहयोग के लिए चिट्ठी लिखने का सुझाव दियोशिक्षण संग्रह माड्यूल में ए से जेड तक दी गई सीखने सिखाने की सीढ़ी प्राथमिक विद्यालयों के अध्यापकों के द्वारा शुरू होती हैं । प्रीति सिंह ने जल प्रदूषण और जल के दुरुपयोग के बारे में बतायो वर्षा पाल ने पृथ्वी की गति से दिन रात और ऋतु परिवर्तन के बारे में बतायो शिक्षक संकुल नीलम गुप्ता ने प्रभावी शिक्षण और आदर्श विद्यालय की कार्ययोजना निर्माण के छः क्षेत्रों भौतिक परिवेश और सुविधाओं, नामांकन उपस्थिति, शिक्षण अधिगम प्रक्रिया और गुणवत्ता, विद्यार्थियों का अधिगम स्तर, पाठ्यसहगामी क्रियाकलाप, विद्यालय प्रबंधन व सामुदायिक सहभागिता की चर्चा किया। एआरपी विष्णुकांत गुप्त ने कहा कि निष्ठा के अंतर्गत शिक्षकों को प्रदान किये जा रहे प्रशिक्षण तथा नवाचारों से अपने ज्ञान को बढ़ाते रहें और प्रभावी शिक्षण के लिए तैयार करते रहें। ए आर पी पुष्पराज सिंह ने बताया कि समाज के निर्माण में शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका है।बच्चों के जीवन मे उनके पालन पोषण के साथ साथ वातावरण का बहुत प्रभाव पड़ता है।एआरपी राजीव सिंह ने बताया कि मिशन प्रेरणा को सफल बनाने के लिए हमें बच्चों के साथ-साथ अभिभावकों को भी मोटिवेट करना है।

# पुलिस ने चोर सहित पीड़ित का भी कर दिया चालान

**घूरपुर।** क्षेत्र के दशई बंधवा गांव में रात घर के बाहर गौशाला में बंधी भैंस को चोरी करते परिजनों सहित ग्रामीण चोर को पकड़ पुलिस को सौंप दिया। और पुलिस ने चोर सहित पीड़ित को भी शांतिभंग में चालान कर दिया। जिससे पीड़ित पक्ष में पुलिस के प्रति नाराजगी है।

दशई बंधवा गांव निवासी जसवंत पटेल की भैंस सोमवार की रात रोजाना की तरह घर के बाहर गौशाला में बंधी थी कि गांव का ही आरोपित युवक भैंस खोलने लगा इस पर आवाज सुन परिजन जाग बाहर निकल शोर किए तो बस्ती के लोग भी एकत्रित होकर चोर को दबोच लिया। गांव का होने की वजह से लोगो ने बगैर मारे पीटे 112 नंबर डायल पुलिस को बुला सौंप दिया। बयान देने के बहाने पुलिस पीड़ित जसवंत पटेल के बेटे आशीष को भी चोर के साथ ही थाने लाई और मंगलवार के दिन चोर सहित पीड़ित के बेटे आशीष को भी शांतिभंग में चालान कर दिया। पुलिस के इस कृत्य से पीड़ित परिजनों में नाराजगी व्यक्त की है। पीड़ित ने बताया कि आरोपित चोर की इस बार तीसरे बार पकड़ा गया है। बताया कि इस बार यदि चोरी करते पकड़ा गया तो स्वयं सजा दी जायेगी पुलिस को नहीं सौंपा जायेगा।

# "मुरली बजा के मोहना तू कर लिया किनारा"

**करछना ।** मानव जीवन की सार्थकता तब सिद्ध होती है। जब मुक्ति का आधार पाने के लिए भगवान कथा एक प्रमुख साधन है उक्त बातें करछना क्षेत्र के नचना गांव में धर्मराज तिवारी के यहां चल रही संगीत मय साप्ताहिक भागवत कथा व्यास ज्योतिष मार्तण्ड भागवत भूषण महर्षि उपेंद्र जी महाराज ने मंगलवार को कही श्री कृष्ण के रास लीला का वर्णन करते हुए कहा कि वंशी की धुन सुन के रात्रि में गोपियां जब जंगल में कृष्ण के पास पहुंची तो कृष्ण ने उन्हे पति व्रत का उपदेश देते हुए घर वापस लौट जाने के लिए कहा । जिससे गोपियाँ नाराज हो गई। कृष्ण के जाने के बाद बिलखती हुई गोपिया? ने कहा कि 'मुरली बजा के मोहना,तू कर लिया किनारा,मन में यही लगन है, दर्शन मिले दुबारो' छठवें दिन कथा उपेंद्र जी ने इस घोर कलिकाल में केवल मात्र भागवत नाम ही भवसागर से मुक्ति का द्वार खोलता हैभागवत का मतलब है भा-से भक्ति,ग से ज्ञान,व से बैराग,त से तारणहारे भागवत मृत्यु के भय से



भागवत कथा सुनने को उमड़ी भक्तों की भीड़

मुक्ति दिलाता है कृष्ण ने ब्रज वासियों को आनंदित करने के लिए दो तरह की लीलाएं की पहली ऐश्वर्यमय लीलाओ से बाबा नंद, माता यशोदा सभी आनंदित हुए । और ब्रह्मा, इंद्र सबको सौभाग्य प्राप्त हुओ इंद्र के अहंकार को नष्ट करने के लिए ही गोवर्धन पर्वत की पूजा करवाईइसके बाद इंद्र के क्रोध से गोपी और ग्वालों को बचाने के लिए गोवर्धन पर्वत को अंगुली पर उठा लियोजिससे इंद्र का अहंकार नष्ट हो गयोइस मौके पर देवी प्रसाद तिवारी, चंद्रशेखर तिवारी,लालमणि पांडेय, कौशलेश शुक्ला, दुवार्सा पसाद पाण्डेय, उमाकांत शुक्ल, गप्पू तिवारी, रमेश मिश्र (गुरु), शिवजग विश्ववकर्मा, दीनानाथ तिवारी आदि सैकड़ों भक्त मौजूद रहे।

# घोड़ेडीह पावर हाउस विद्युत कैंप में उपभोक्ताओं से अभद्रता

**करछना।** घोड़ेडीह स्थित पावर हाउस में उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए विद्युत कैंप का आयोजन किया गया जिसमें उपभोक्ता अपनी समस्याओं को लेकर के पावर हाउस पहुंचे उपभोक्ताओं ने बताया कि सोमवार को बिना पूर्व सूचना के विद्युत विभाग के कर्मचारियों द्वारा उनका विद्युत कनेक्शन काट दिया गया और कैंप में आने पर उनके साथ अभद्रता का व्यवहार किया गया वहां पर उपस्थित जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा उपभोक्ताओं को बिल न जमा करने पर कानूनी कार्यवाही की धमकी देते हुए ा..१. करने की भी धमकी दी गई और यह कहा गया कि अगर बिल नहीं जमा किया गया तो पुलिस को साथ में लेकर के गिरफ्तारी भी करवा लूंगा उक्त मामले में भारतीय किसान कल्याण संघ ने रोष व्यक्त करते हुए अधिकारियों से को संज्ञान में लेकर के रोष व्यक्त करते हुए कहा कि अगर इस तरीके से किसानों का उत्पीड़न किया गया तो संगठन जल्द ही आंदोलनकारी रुख अपनाकर के कर्मचारियों के घेराव का काम करेगा।

# किसान के हत्यारे 48घंटे बाद भी पुलिस पकड़ से बाहर

## किसान परिवार का भय में बीत रहा है जीवन

**खीरी।** थाना क्षेत्र के ग्राम सिरहिर /गौतम नगर निवासी इंद्रदेव मिश्रा उम्र 55 वर्ष की हत्या रविवार को सुबह भूमि विवाद में लाठी-डंडे व सब्बल से पीटकर हमलावरों ने हत्या कर दी थी। तब से ही हत्या में शामिल सभी हत्यारे फरार हैं। किसान की हत्या हुए 48 घंटे बीत जाने के बाद भी खीरी पुलिस हत्या के आरोपितों को गिरफ्तार करने में पूर्णरूपेण नाकाम रहने का आरोप मृतक किसान के परिजनों ने लगाया है।

यहां बता दें कि उक्त थाना खीरी क्षेत्र के सिरहिर गांव में भूमि विवाद विगत काफी दिनों से इस पट्टे की भूमि को लेकर चल रहा था ।क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि भूमि को लेकर काफी दिनों से छिड़ी तकरार का शिकायत भी खीरी पुलिस से बराबर की जा रही थी। किंतु खीरी पुलिस इस भूमि विवाद को गंभीरता से नहीं लिया



रोते बिलखते मृतक के परिजन

खीरी पुलिस की लापरवाही से किसान इंद्र देव मिश्रा कि हमलावरों ने हत्या कर दी।

क्षेत्रीय लोगों एवं प्रबुद्ध जनों का यह भी आरोप है कि यदि समय रहते खीरी पुलिस कार्यवाही की होती तो शायद इंद्र देव मिश्रा की हत्या न होती । मृतक के बेटे नितेश व विनोद का आरोप यह भी है कि जिस पट्टे की भूमि के लिए मेरे पिता की हत्या की गई इस संबंध में आरोपियों द्वारा बराबर तरह-तरह की धमकी मिलती रही इस शिकायत को भी कई बार थाने पर जाकर की गई किंतु खीरी पुलिस हम लोगों की बात पर कोई ध्यान न देकर अनसुनी कर दी जिसका नतीजा यह हुआ कि मेरे पिता की हत्या कर दी गई। वही खीरी पुलिस पर अपराधी भारी पड़ रहे हैं आज भी हम लोगों का परिवार दहशत में है कि कहीं हमलावर फिर से हम भाइयों की हत्या न कर दें। मामले में खीरी थाना अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह का कहना है कि हत्यारों का सुराग/लोकेशन मिल गया है। गिरफ्तारी जल्द ही की जाएगी।

# प्रयागराज हलचल



## संक्षेप समाचार

### फूलपुर में रास्ते के विवाद में बहा खून, भरी पंचायत में चटकीं लाठियां, छह लोग लहूलुहान

**प्रयागराज।** जनपद के फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के अगहुआ गांव के कोनार बाजार में रास्ते के विवाद में दो पक्षों में जमकर खूनखराबा हो गया। भरी पंचायत में दोनों ओर से खूब लाठी-डंडे चले और पथराव भी हुआ। इस दौरान पंचायत में अफरातफरी मच गई थी। लोग अपनी जान बचाकर भागने लगे। मारपीट में दोनों पक्ष के कुल आधा दर्जन लोग घायल हो गए। सभी घायलों को सीएचसी फूलपुर में भर्ती कराया। जहां एक महिला की हालत नाजुक होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। अगहुआ गांव के कोनार बाजार निवासी प्रताप बहादुर का पड़ोस के लाल बहादुर से रास्ते का विवाद चल रहा था। दोनों पक्षों के बीच ग्रामीणों को लेकर पंचायत हो रही थी। इसी दौरान दोनो तरफ से ईंट पत्थर और लाठी-डंडे चलने लगे। इसमें निर्मला देवी, गीता देवी, निशा कुमारी, नेहा, प्रताप बहादुर समेत आधा दर्ज लोग घायल हो गए। सभी घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी फूलपुर में भर्ती कराया गया। जहां हालत में सुधार न होने पर निर्मला देवी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। मारपीट के मामले में दोनों पक्षों ने कोतवाली में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### थाना खीरी क्षेत्र में बनती है जहरीली शराब

**खीरी।** थाना खीरी क्षेत्र अंतर्गत गांव पाल पट्टी झड़ीयाही, कचरा, पिपराव, खरका खास, छापर, कौदी आदि स्थानों पर पुलिस की मिलीभगत से जहरीली शराब बनाए जाने का धंधा काफी अरसे से फल-फूल रहा है बताया तो यहां तक जाता है कि इन उपरोक्त स्थानों पर बनाए जा रहे जहरीली शराब के कारोबार में पुरुषों के अलावा महिलाएं भी इस गोरखधंधे में लिप्त हैं सूत्र बताते हैं कि इस क्षेत्र की बनी जहरीली शराब उत्तर प्रदेश की सीमा से सटे मध्य प्रदेश के अलावा सभी उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती जिलों में सप्लाई की जाती है क्षेत्रीय गणमान्य लोगों ने अपना नाम न प्रकाशित करने की शर्त पर जनपद प्रयागराज के जिला अधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रयागराज से क्षेत्रों में बनाई जा रही जहरीली शराब के गोरखधंधे पर अंकुश लगाए जाने की मांग की है।

## मतगणना पर लगी रोक, हाईकोर्ट के फैसले पर टिकी निगाह

**प्रयागराज।** जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव को लेकर मतगणना पर फिलहाल रोक लग गई है। वोटों की गिनती किससे कराई जाए इस पर हाईकोर्ट में फैसला होना है। जिस पर सभी उम्मीदवारों की निगाह हाईकोर्ट के फैसले पर टिकी है। अब हाईकोर्ट के फैसले के बाद मतगणना होगी। उधर, मतगणना लेकर पुलिस और प्रशासन ने पूरी तैयार ली थी। अधिवक्ताओं में भी वोटों की गिनती को लेकर काफी उत्सुकता थी। लेकिन अब गणना पर रोक लग गई।

दरअसल, अध्यक्ष पद के नौ और मंत्री पद के 13 उम्मीदवार रिटर्निंग ऑफिसर के उस फैसले पर एकमत नहीं हुए, जिसमें कहा गया था कि अधिवक्ता वोटों की गिनती करेंगे। कुछ को गड़बड़ी की आशंका थी। ऐसे में जिलाधकारी की मौजूदगी में कलेक्ट्रेट कर्मचारियों से वोटों की गिनती करने की बात कही गई। वहीं, हाईकोर्ट में एक अर्जी भी दाखिल की गई थी किसी मतगणना किससे कराई जानी चाहिए। अधिवक्ता संघ के मंत्री राकेश दुबे ने बताया हाईकोर्ट का फैसला आने तक मतगणना नहीं होगी। मतदान समाप्त होने के बाद मतपेटियों को सील कर दिया गया। फिर चुनाव अधिकारी, वरिष्ठ अधिवक्ताओं और पुलिस की मौजूदगी में मतपेटियों को कलेक्ट्रेट के संगम सभागार स्थित स्ट्रांग रूम में रखवाई गईं। स्ट्रांग रूम की सुरक्षा में भारी पुलिस बल तैनात है।

जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव में सोमवार को हुए मतदान में 71 फीसद अधिवक्ताओं ने वोट डाले। वोटिंग को लेकर कुछ अधिवक्ताओं के बीच नोकझोंक होने के अलावा चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई थे। मतदान के दौरान कचहरी रोड और उसके आसपास भी गहमागहमी रही।



### जलकल जीएम के हमलावरों पर लगा गैंगस्टर

**प्रयागराज।** खुल्दाबाद पुलिस ने जलकल के जीएम पर हमला करने वाले आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की। पार्षद समेत छह के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। सभी आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार करके जेल भेज चुकी है। गैंगस्टर की कार्रवाई में पुलिस आरोपियों की चल व अचल संपत्तियों की जांच भी करेगी। अवैध संपत्ति मिलने पर कुर्की की कार्रवाई की जाएगी। जलकल के जीएम हरिश्चंद्र बाल्मीकि पर 26 दिसम्बर 2020 की रात घर में घुसे नकाबपोश बदमाशों ने जानलेवा हमला कर दिया था। खुल्दाबाद पुलिस ने जांच के बाद जीएम पर हुए हमले में हिम्मतगंज के पार्षद एवं हिस्ट्रीशीटर विनोद सोनकर, दिलीप, गुड्डू विश्वकर्मा, अजय हेला, अनूप श्रीवास्तव और तुफैल अहमद को आरोपी बनाया था। पुलिस का दावा था कि विनोद सोनकर और पूर्व कर्मचारी दिलीप ने ही हमले की साजिश रची थी। इन्हीं के भड़काने पर पकड़े गए अन्य आरोपियों ने जीएम के घर में घुसकर उन्हें जान से मारने की कोशिश की थी।

### नगर निगम के 3 कर्मचारी हुए निलंबित, चार को प्रतिकूल प्रविष्टि व एक को चार्ज शीट

**प्रयागराज।** नगर निगम के तीन कर्मचारियों को निलंबित कर दिया गया है तथा चार लोगों को प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई है। तथा एक कर्मचारी को चार्ज शीट दी गई है 'इनमें से छह कर्मचारियों पर अपने काम में लापरवाही बरतने और दो के बगैर किसी सूचना के ऑफिस से गायब रहने के मामले में कार्रवाई की गई। नगर आयुक्त द्वारा एक साथ आठ कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने से अन्य स्टॉफ में भी खलबली मची रही। निगम के लेखा विभाग में कार्यरत दो चपरासी आशुतोष और जीशान करीब दो-तीन महीनों से ऑफिस में बगैर किसी सूचना के गायब हैं। चपरासी महफूज अहमद और रामनेवाज पाल की ड्यूटी क्रमशः पुरुष और महिला पार्षद कक्षों को समय से खोलने-बंद करने, सफाई आदि करने के लिए लगाई गई थी। लेकिन, कार्यकारिणी समिति के छह सदस्यों के चुनाव के दिन सचिव परिषद पीके मिश्रा द्वारा निरीक्षण में दोनों कक्षों में ताला बंद पाया गया था। उन्होंने दोनों चपरासियों पर कार्रवाई के लिए नगर आयुक्त रवि रंजन को संस्तुति की थी। नगर आयुक्त ने आशुतोष, जीशान और महफूज को निलंबित कर दिया है। रामनेवाज को प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई है। लापरवाह चार कर्मियों के खिलाफ प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई है।

30 सफाई कर्मियों के स्थायीकरण में विलंब करने पर चार लिपिक नपे हैं। मामले में स्वास्थ्य विभाग के तीन लिपिकों सलीमुद्दीन, कृष्ण कुमार पाल एवं राजशेखर को प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई। रवि कुमार को चार्जशीट दी गई है। बताते हैं कि 792 कर्मचारियों का स्थायीकरण पिछले वर्ष फरवरी में हुआ था। उसी समय इन 30 सफाई कर्मियों का भी स्थायीकरण होना था। लेकिन, इन लिपिकों द्वारा 30 सफाई कर्मियों की फाइलें उस समय प्रस्तुत न करने के कारण करीब सप्ताह भर पहले स्थायीकरण किया गया था। मामले में चारों लिपिकों से स्पष्टीकरण तलब किया गया था। तीन लिपिकों के जवाब संतोषजनक न होने एवं लिपिक द्वारा जवाब न देने पर कार्रवाई की गई है। प्रभारी अधिष्ठान पीके मिश्र ने कार्रवाई की पुष्टि की। बताया कि रवि कुमार के मामले में एक सदस्यीय जांच कमेटी भी नगर आयुक्त ने गठित की हैं।

## अतिक्रमण हटाने को न0पं0 ने एसडीएम से मांगी अनुमति

**जाम से निजात दिलाने के लिए लालगोपालगंज के जेठवारा मार्ग से हटाया जाएगा अतिक्रमण।**

**नगर प्रशासन ने पुलिस महकमा से मांगी फोर्स**

**मुख्य बाजार में अवैध अतिक्रमण हटाए जाने का किसी दिन भी शुरू हो सकता है सिलसिला।**

**लालगोपालगंज।** मुख्य बाजार में अस्थाई रूप से किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाए जने के लिए नगर प्रशासन पूरी तरह से संजीदा नजर आ रहा है। अवैध अतिक्रमण को हटाए जाने के लिए नगर प्रशासन ने मुनादी कराई थी। लेकिन अमल न होने पर नगर प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने के लिए एसडीएम सोरांव से अनुमति मांगने के साथ ही थाने से फोर्स तलब की है। जिसके हटाने का किसी दिन भी सिलसिला शुरू हो सकता है।

लालगोपालगंज कस्बा के जेठवारा मार्ग स्थित सड़क की पटरियों के दोनों ओर ठेले, खोपचे, गुमटी और फल एवं सब्जी के फुटपाथी दुकानदारों ने कब्जा कर रखा है। जहां से दुपहिया और चार पहिया वाहनों के साथ आम राहगीरों को दिनभर जाम की समस्या से गुजरना पड़ता है। नगर पंचायत प्रशासन ने मामले को संजीदगी से लेते हुए विगत एक सप्ताह पूर्व 80 फुट के दायरे में किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाए जाने के लिए मुनादी कराए जाने के साथ ही दुकानदारों को नोटिस थमाई थी। लेकिन अतिक्रमणकारियों ने मामले को संजीदगी से ना लेते हुए



लालगोपालगंज के जेठवारा मार्ग पर लगाए गए ठेले

अपने चिन्हित स्थान पर दुकान लगाते रहे। जबकि इस मामले में नगर पंचायत प्रशासन ने बीच रोड से दोनों जानिब 12 मीटर तक पैमाइश कर चूने से चिन्हांकन भी कर दिया था।जेठवारा मार गए के किनारे किए गए अस्थाई रूप से अवैध अतिक्रमण को हटाए जाने के लिए नगर प्रशासन ने पत्र लिखकर एसडीएम सोरांव अनिल चतुर्वेदी से अनुमति मांगी है। इसी के साथ सीओ सोरांव इंस्पेक्टर नवाबगंज और लालगोपालगंज चौकी से अनुरोध करते हुए अतिक्रमण हटाए जाने के दौरान पुलिस फोर्स मुहैया कराए जाने की मांग की है। मुख्य चौराहे पर वर्षों से लग रहे भीषण जाम से निजात दिलाने के लिए नगर प्रशासन किसी दिन भी पुलिस फोर्स के साथ बाजार में पहुंच कर अतिक्रमण हटाए जाने की प्रक्रिया शुरू कर देगी।

### अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया लोगों को लग रही हवा हवाई

**लालगोपालगंज।** जेठवारा मार्ग के किनारे सज रही वर्षों से सब्जी, फल, ठेले और खोमचे की दुकानों को हटाया जाने के लिए पकड़ाई गई नोटिस लोगों को हवा हवाई लग रही है। प्रक्रिया को अमलीजामा पहनाने में देरी होता देख लोगों को महज खानापूर्ति महसूस हो रही है। हालांकि लोगों का यह वहम है। किसी दिन भी पुलिस बल के साथ अतिक्रमण हटाया जाने का मामला आंखों के सामने होगा।

### फुटपाथी दुकानदारों की बढ़ी है खलबली

**लालगोपालगंज।** अस्थाई रूप से सड़कों के किनारे किए गए कब्जा को हटाए जाने का उदाहरण मंगलवार को लोगों के सामने आ गया। अधिशासी अधिकारी प्रदीप मिश्रा ने बताया कि आज से इस प्रकार के किए गए अतिक्रमण को हटाया जाने का जय गणेश हो गया है। मुख्य चौराहा के आसपस किए गए अतिक्रमण को पुलिस फोर्स की निगरानी में हटाए जाने की तैयारियां शुरू है।

## मतदाता सूची में मृतकों के भी नाम, गांव वालों ने जताया गुस्सा और की शिकायत

**प्रयागराज।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तारीखों को लेकर अभी घोषणा नहीं हुई है मगर गांवों में चुनाव को लेकर सरगर्मियों जोरों पर चल रही हैं। उम्मीदवार वोटों की जोड़ तोड़ में लगे हैं। मतदाता सूची की गड़बड़ियों को लेकर चर्चा हो रही है। इस बार भी चुनाव से पहले कई गड़बड़ी सामने आ रही है। कमालापुर ग्राम सभा की मतदाता सूची में ऐसे लोगों के भी नाम हैं जिनकी मृत्यु हो चुकी है। बीएलओ की इस लापरवाही से गांव के लोगों में नाराजगी है। इस बात की शिकायत भी की जा चुकी है मगर तब भी गड़बड़ी अब तक बनी हुई है।

श्रृंगवेरपुर ब्लॉक के कमालापुर ग्राम सभा की मतदाता सूची में विलोपन, नाम जोडने और हटने के साथ पुनः निरीक्षण किए जाने के लिए बूथों पर जिम्मेदारों की तैनाती की गई थी। परंतु मतदाता सूची में दर्जन भर मृतक महिला और पुरुष मतदाताओं का नाम अभी भी मौजूद हैं। मतदाता सूची की गड़बड़ी को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। सूची में मृत मतदाताओं के शामिल नाम पर आपत्ति जताते हुए सूची से इस तरह के नाम हटाए जाने पर लोगों ने शिकायत की है। एसडीएम सोरांव अनिल चतुर्वेदी ने बताया कि मृतकों का नाम हटाने के लिए ग्रामीणों को आपत्ति लगानी चाहिए थी। मतदाता सूची पर अभी भी काम हो रहा है। गांव वालों से शिकायत मिलते ही मतदाता सूची से मृतकों का नाम विलोपित कर दिया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि अब भी जो छूटे हुए मतदाता हैं वे अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करा सकते हैं। खासतौर पर वो जिनकी उम्र एक जनवरी को 18 वर्ष हुई है। ऐसे मतदाता जिनका मतदाता सूची में नाम नहीं है, वे तहसील मुख्यालय में संपर्क कर सकते हैं। यह कार्य जल्दी ही करा लिया जाए।

## खेलते समय छह वर्षीय बालिका बिछड़ी, समाजसेवी ने पहुंचाया घर

**शंकरगढ़।** मंगलवार की शाम खेलते समय एक छह वर्षीय बालिका भटककर दूसरे मोहल्ले में चली गई। रास्ता भूल जाने के कारण वह रोते हुए जा रही थी। अकेली बालिका को रोता देख स्थानीय लोगों ने उसे बुलाकर पूछताछ की। इसके बाद स्थानीय समाजसेवी ने काफी प्रयास के बाद उसके परिजनों का पता लगाया। परिजन बेटी को पाकर खुश हो गए। यह पूरा मामला नगर पंचायत शंकरगढ़ का है।

जानकारी के मुताबिक नगर पंचायत शंकरगढ़ के वार्ड संख्या दस में एक परिवार सीटे चावला के यहां किराए पर रहता है। बताया जाता है कि उक्त परिवार की एक छह वर्षीय बालिका स्थानीय बच्चों के साथ घर के बाहर खेल रही थी। इसी दौरान धुंधलका छाने लगा। खेलते-खेलते वह घर से दूर निकल गई और रास्ता भटक गई। इसके बाद वह रोते हुए रामभवन के पास सोमवंशी होंडा एजेंसी के पास बीज गोदाम वाले सेठ की दुकान के सामने पहुंच गई।



बालिका को उनके परिजनों को सौंपते समाजसेवी

बालिका को रोता देख स्थानीय लोगों ने उसे रोक लिया और उससे पूछताछ की, लेकिन वह अपना नाम अनिका बता रही थी, लेकिन अपने परिवार के किसी भी सदस्य का नाम नहीं बता पा रही थी। इसकी जानकारी होने पर समाजसेवी और सभासद प्रतिनिधि सुशील पांडेय भी मौके पर पहुंच गए और काफी प्रयास के बाद उक्त बालिका के घरवालों के बारे में जानकारी जुटाई। इसकी सूचना मिलते ही वह बालिका को लेकर उसके घर पहुंचे। बेटी को सामने देख परिजन खुशी से बिलख पड़े और सभासद प्रतिनिधि सुशील पांडेय का आभार जताया। समाजसेवी सुशील पांडेय ने बताया कि अनिका के पिता बाहर नौकरी करते हैं। उनका परिवार यहां, किराए पर रहता है।

## शुआट्स वैज्ञानिकों ने दी कृषकों को सलाह

**नैनी, प्रयागराज।** सैम हिग्गिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान विश्वविद्यालय में चल रहे ग्रामीण कृषि मौसम सेवान्तर्गत भारत सरकार से मंगलवार को प्राप्त पूवार्नुमान के अनुसार वैज्ञानिकों ने कृषकों को सलाह दी है कि गेहूँ के भारी मृदा में प्रति हेक्टयर 60 किग्रा नाइट्रोजन (132 किग्रा यूरिया) की टाप ड्रेसिंग के बाद और बलुई दोमट भूमि में 40 किग्रा नाइट्रोजन (88 किग्रा यूरिया) की टाप ड्रेंसिग पर और 40 किग्रा नाइट्रोजन (88 किग्रा यूरिया) की दूसरी टाप ड्रेंसिग के बाद कर दें।

गेहूँ में बलुअर दोमट भूमि में नाइट्रोजन की शेष एक तिहाई मात्रा अर्थात 40 किग्रा नाइट्रोजन (88 किग्रा यूरिया) की टाप ड्रेंसिग कर दें। शीतकालीन मक्का नाइट्रोजन की 40 किग्रा मात्रा (88 किग्रा यूरिया) की टाप ड्रेंसिग जीरा निकलने के पूर्व करें। उर्वरक प्रयोग के समय खेत में पर्याप्त नमी होनी चाहिए। शीतकालीन मक्का खेत में दूसरी निराई-गुड़ाई, बोआई के 40-50 दिन बाद करके खरपतवार निकाल दें। चना के फसल में झुलसा रोग की रोकथाम के लिए प्रति हेक्टयर 2.0 किग्रा जिंक मैग्नीज काबार्मेट को 800 लीटर पानी में घोलकर फूल आने से पूर्व व 10 दिन के अन्तराल पर दूसरा छिड़काव करें।

पिछले माह रोपी गई टमाटर की उन्नत किस्मों में प्रति हेक्टयर 40 किग्रा नाइट्रोजन (88 किग्रा यूरिया) व संकर/असीमित बढ़वार वाली किस्मों के लिए 55-60 किग्रा नाइट्रोजन (120-130 किग्रा यूरिया) की प्रथम टाप ड्रेसिग रोपाई के 20-25 दिन बाद करें। लहसुन में नाइट्रोजन की दूसरी व अन्तिम टाप ड्रेसिग बोआई के 60 दिन बाद प्रति हेक्टयर 74 किग्रा यूरिया की दर से करनी चाहिए। पशुओं को ठंड से बचायें और बोरे से ढके।

## युवाओं को गंगा स्वछता का संदेश देकर मनाया गया युवा सप्ताह

**प्रयागराज।** नेहरू युवा केंद्र प्रयाग प्रयागराज के द्वारा विवेकानंद युवा सप्ताह के अवसर पर कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किये गये। सोमवार को अरैल घाट प्रयागराज में युवाओं के बीच पेंटिंग प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक, रैली आदि कार्यक्रमों के माध्यम उनके कौशल को निखारने हेतु प्रयास किया गया।भारतीय वन्य जीव संस्थान की मालविका पांडेय पांडे द्वारा उपस्थित युवाओं व



युवा सप्ताह कार्यक्रम में पेंटिंग दिखाते बच्चे

आमजनों के बीच गंगा नदी एवं उसके जलीय जीवों के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। युवाओं द्वारा सामाजिक कुरीतियों को खत्म करने में युवाओं का योगदान,युवा सशक्तिकरण,गंगा सफाई एवं इसके महत्व इत्यादि विषयों पर विषय पर विचार रखे गये। कार्यक्रम में सरस्वती सेवा संस्थान के श्री कुंवर जी तिवारी, सी एम पी डिग्री कॉलेज के असिटेंट प्रोफेसर डॉ प्रमोद शर्मा,जीवन बचाओ आंदोलन प्रमुख सन्तोष कुमार बाजपेयी, स्वछता ब्रेंड अंबासडर व नमामि गंगे के स्पेयर हेड श्री दुकान जी, ऋचा नारायण आदि ने सम्बोधित किया। वक्ताओं ने गंगा स्वछता एवं विवेकानंद जी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश के समस्त युवाओं को स्वामी विवेकानंद से सीख लेने की आवश्यकता है संपूर्ण विश्व के युवाओं को विवेकानंद जी के विचारों को खुद के अंदर आत्मसात करना चाहिए। कार्यक्रम में जिला परियोजना अधिकारी, नमामि गंगे, एषा सिंह ने गंगा स्वच्छता व निर्मलता विषय पर सभी को आगे आकर अपनी सहभागिता प्रस्तुत करने के लिए आग्रह किया,उन्होंने कहा कि विवेकानंद के सपनों का भारत बनाना हम युवाओ की नैतिक जिम्मेवारी होनी चाहिए साथ ही हमे अपने लक्ष्यों के प्रति ईमानदारी पूर्वक कार्य करना चाहिए,जिस दिन देश के युवाओ ने स्वामी विवेकानंद जी के विचारों को अपने अंदर समाहित कर लिया,भारत को वैश्विक शक्ति बनने से कोई रोक नही सकता है।कार्यक्रम के समापन में प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया।

**अखण्ड भारत संदेश** के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम कियायोग आश्रम एवं अनुसंधान सस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिंग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

**मुद्रक/प्रकाशक**

**स्वामी श्री योगी सत्यम**

पी0आर0बी0 एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं0: UPHIN2001/9025

### ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए नहीं लगानी पड़ेगी कतार, अब मिलेगा टोकन नंबर

**प्रयागराज।** ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए आरटीओ कार्यालय में टोकन व्यवस्था लागू की गई है। इसी टोकन नंबर से डीएल बनवाने के दौरान सभी चरणों का काम भी पूरा कर लिया जाएगा। अब लोगों को लाइन में लगने के झंझट से छुटकारा मिल गया। दरअसल, पहले लाइसेंस बनवाने के लिए वाहन मलिकों को स्लाट बुकिंग से लेकर दस्तावेज, बायोमीट्रिक सत्यापन और टेस्ट की प्रक्रिया पूरी करने के लिए जगह-जगह लाइन लगाना पड़ता था। इससे उनका समय बर्बाद होता था। अब व्यवस्था में बदलाव किया गया है। इससे लोगों का सहूलियत भी मिली। डीएल बनवाने के लिए स्लाट बुकिंग करने के बाद परिवहन विभाग के कार्यालय पहुंचने पर टोकन मिलेगा। इसी टोकन नंबर के आधार पर सत्यापन भी किए जाएंगे। वहीं, कोरोना काल में भी से मुक्ति भी मिलेगी और फिजिकल डिस्टेंसिंग का पालन भी होगा। एआरटीओ (प्रशासन) सियाराम वर्मा ने बताया कि लाइसेंस बनवाने के लिए कार्यालय में एक टोकन नंबर दिया जाएगा। इसी के आधार पर सभी चरणों की प्रक्रिया पूरी करानी होगी।

## वेब सीरीज 'तांडव' पर कायम है संतों का गुस्सा, बोले माफी से काम नहीं चलेगा

**प्रयागराज।** वेब सीरीज तांडव के निर्देशक अली अब्बास जफर ने विवादित सीन पर माफी मांगी है। लेकिन, उसे हटाने पर कुछ नहीं कहा। इससे वेब सीरीज पर संतों का गुस्सा कायम है। वे उस पर पाबंदी की मांग पर अड़े हैं। भविष्य में ऐसी वेब सीरीज न बने सरकार से उस दिशा में कदम उठाने की मांग की है।

अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद अध्यक्ष महंत नरेंद्र गिरि ने कहा कि यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कड़े रुख के कारण तांडव के निर्देशक को माफी मांगनी पड़ी है। लेकिन, सिर्फ माफी से काम नहीं चलेगा। वेब सीरीज पर पाबंदी लगनी चाहिए, जिससे हमारे देवी-देवताओं व संत परंपरा को गलत स्वरूप में दिखाने वालों को सबक मिले।

महंत नरेंद्र गिरि ने कहा कि



आजादी के बाद से साजिश के तहत देश में देवी-देवताओं, संतों व ड्क्षहदुओं की परंपराओं का फिल्मों के जरिए उपहास उठाया जाता रहा है। अब अभिव्यक्ति की आजादी व कला के नाम पर मनमानी स्वीकार नहीं की जाएगी। अखिल भारतीय दंडी संन्यासी परिषद के संरक्षक जगदगुरु स्वामी महेशाश्रम व अध्यक्ष स्वामी ब्रह्माश्रम ने कहा कि हिंदुओं की आस्था का उपहास उड़ाने वाली अभिव्यक्ति की आजादी किसी को नहीं मिलेगी। जो हमारे आराध्य, आस्था व परंपरा का गलत स्वरूप में दिखाएगा उसे सजा भुगतनी पड़ेगी। मुसलमान व दूसरे धर्मों के आराध्यों के साथ ऐसा क्यों नहीं होता? पैगंबर का कार्टून बनाने पर पूरे विश्व में बवाल हो जाता है और देवी-देवताओं का अपमान करके हिंदुओं से शांत रहने की अपेक्षा होती है। यह दोहरी मानसिक बर्दास्त नहीं की जाएगी। महामंडलेश्वर सरयू दास ने कहा कि तांडव, आश्रम जैसी वेब सीरीज साजिश के तहत बनाई जा रही हैं। ऐसी वेब सीरीज पर रोक लगाने के लिए सरकार ठोस कानून बनाए। स्वामी रामतीर्थ दास ने कहा कि तांडव जैसी वेब सीरीज ड्क्षहदुओं को अपमानित करने के लिए बनाई जाती हैं। देवी-देवताओं का अपमान करना अक्षम्य है। इसे किसी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा।

## संक्षेप समाचार

### अनियंत्रित कर पेड़ से टकराई, बाल बाल बचे कर सवार

**प्रतापगढ़।** लीलापुर चैकी क्षेत्र के अंतर्गत मुल्तानीपुर (तालाब के पास) लखनऊ से आ रही कार अनियंत्रित होकर अचानक पेड़ से टकरा गयी।दुर्घटना के समय कर का एयरबैग खुल जाने के कारण ड्राइवर समेत कर में बैठे सभी लोग बाल बाल बच गए। दुर्व्हतन में ड्राइवर को मामूली चोटें आई। ड्राइवर को मामूली चोट आई।

### तीन पुलिस चैकी पर प्रभारियों की तैनाती

**प्रतापगढ़।** एसपी शिवहरि मीणा ने सोमवार देर रात एक चैकी प्रभारी को बदलते हुए दो अन्य पुलिस चैकियों पर प्रभारी की तैनाती की। दिलीप तिवारी को शनिदेव चैकी से आईजीआरएस प्रभारी बनाया। सूर्य प्रताप सिंह को थाना हथिगंवा से दीवानगंज चैकी प्रभारी, एसएसआई मानधाता सुरेश सैनी को डेरवा चैकी प्रभारी और अमित तिवारी को पुलिस लाइन से शनिदेव चैकी प्रभारी बनाया। इसके साथ ही महिला एसआई प्रीति देवी को पुलिस लाइन से विशेष जांच प्रकोष्ठ में पोस्ट कर दिया।

### टेक होम राशन से आंगनवाडी को किया गया आच्छादित

**कौशाम्बी।** बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार (आई0 सी0 डी0 एस0) के अनुपूरक पुष्टाहार कार्यक्रम (एस0एन0पी0) के अन्तर्गत ऑगनबाडी केन्द्रों पर 06 माह से 06 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को प्रातःकालीन स्नैक्स के रूप में तथा गर्भवती और धात्री महिलाओं, गम्भीर रूप से कुपोषित (06 माह से 06 वर्ष आयु वर्ग के बच्चे) एवं 11 वर्ष से 14 वर्ष आयु वर्ग की स्कूल न जाने वाली किशोरी बालिकाओं को टेक होम राशन (टी0एच0आर0) से आच्छादित किया जाता है। वर्तमान में नवीन व्यवस्था के तहत ऑगनबाडी केन्द्र के लाभार्थियों हेतु देसी घी एवं स्किम्ड मिल्क पाउडर की आपूर्ति बाल विकास परियोजना कार्यालय में हो गई है, जिसका 3-4 दिनों में निम्नानुसार प्रति लाभार्थी वितरण किया जायेगा। लाभार्थी समूह त्रैमासिक देसी घी स्किम्ड मिल्क पाउडर 01 02 03 11-14 वर्ष की स्कूल न जाने वाली किशोरियाँ (स्कीम फॉर एडोलसेन्ट गर्ल्स) 450 ग्राम750 ग्राम गर्भवती एवं धात्री महिलाएं 450 ग्राम 750 ग्राम 6 माह से 3 वर्ष आयु वर्ग के बच्चे 450 ग्राम 400 ग्राम 3 वर्ष से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चे-400 ग्राम अतिकुपोषित बच्चे (06 माह से 06 वर्ष) 900 ग्राम 750 ग्राम दिया जाएगा।

# लड़कियों की खरीद-फरोख्त में लगे गैंग को एक चौकी इंचार्ज ने पकड़ा दूसरे ने छोड़ दिया

**नाबालिग लड़की बेचने के मामले में परिजनों की गिरफ्तारी के बजाए टेढ़ी मोड़ पुलिस चौकी ने मोटी रकम वसूल कर समझौते का किया नाटक**



बरामद नाबालिग बालिका व गैंग के सदस्य बिक्री मामले में एक चौकी इंचार्ज ने पकड़ा तो दूसरे चौकी इंचार्ज ने छोड़ा

**अझुवा कौशांबी।** आम जनता की सूचना पर लड़कियों की खरीद-फरोख्त में लगे गैंग के सदस्यों को अझुवा चौकी इंचार्ज ने पकड़ा और मामला कोखराज थाना क्षेत्र का था बरामद नाबालिग लड़की समेत गैंग के सदस्यों को कोखराज थाने के टेडीमोड पुलिस इंचार्ज को अझुवा चौकी इंचार्ज ने सुपुर्द कर दिया नाबालिग बालिका के साथ उसको खरीद कर ले जाने वाले गैंग के सदस्यों पर मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेजने के बजाय नाबालिग बालिका की बिक्री के मामले में चौकी इंचार्ज टेडीमोड ने गैंग के सदस्यों की मोटी रकम के आगे घुटने टेक कर पंचायत का बहाना बनाकर आरोपियों को छोड़ दिया है अब सवाल उठता है कि नाबालिग लड़की को ले जाने वाले गैंग के सदस्यों से पंचायत का क्या औचित्य था और नाबालिग बालिका को बेचने वाले उनके परिजनों की भी इस मामले में गिरफ्तारी करने के बजाय उनसे चौकी इंचार्ज ने पंचायत करा दे नाबालिंग पीड़िता को न्याय ना देने वाले चौकी इंचार्ज पर पुलिस अधिकारी क्या कार्यवाही करें और नाबालिग बालिका को बरामद कर लड़कियों के खरीद-फरोख्त में लगे गैंग के सदस्यों को गिरफ्तारी कराने का प्रयास क्या पुलिस आला अधिकारी करेंगे बेची गई आखिर अब नाबालिग बालिका को योगीराज में कैसे न्याय मिलेगा।

इन दिनों समाज का मिजाज बदल रहा है बेटियां बचाओ बेटियां पढ़ाओ के नारे की यहां कोई अहमियत नही दिख रही है आलम यह है की बेटियों पर करीबी रिश्तेदारों परिजनों की ही नजर लग रही है और बेटियों को अधिक उम्र के दोनों के साथ धन के लालच में बेचा जा रहा है ताजा मामला बीती रात का है जानकारी के मुताबिक नाबालिग लड़की कोमल सरोज पुत्री लाल चंद्र निवासी गिरधर पुर थाना कोखराज जो कक्षा 9 की छात्रा है को परिजनों ने अधिक उम्र के दूल्हे के साथ बेच दिया है धीरज सिंह पुत्र बलबीर सिंह निवासी मदारी नगला शमशेर गंज जिला किशुनी मैनपुरी ,हरनाथ यादव पुत्र सुरेंद्र यादव निवासी फिरोजपुर थाना तलगाम जिला कन्नौज ओमनी वाहन चालक मिलाप सिंह पुत्र कृष्ण कुमार सिंह व ढ84 अ इ 5512 में सवार होकर बालिका को लेकर जा रहे थे यह सभी कोमल सरोज के बहन उर्मिला पत्नी रामकिसन निवासी अनेठा थाना पाइंसा के यहां से कोमल सरोज का सौदा करके ले जा रहे थे मासूम कोमल अधिक उम्र के दूल्हे को देखकर गाड़ी में बैठी रो रही थी जिसे देखकर अनेठा गांव के एक युवक ने 112 नंबर पुलिस को सूचना दी जिस पर कंट्रोल रूम की सूचना पर अझुवा चौकी इंचार्ज सक्रिय हुए जानकारी के अनुसार गाड़ी अझुवा होकर गुजरने की सूचना थी चौकी इंचार्ज अझुवा ने गस्त के दौरान ही नाबालिंग बालिका समेत गैंग के सभी सदस्यों को पकड़ने का प्रयास किया किंतु दूल्हा धीरज सिंह फरार हो गया शेष तीनो आरोपियों को चौकी इंचार्ज पकड़कर अझुवा चौकी लाकर संबंधित थाना पुलिस को सूचना देकर शहजाद पुर टेडीमोड चौकी इंचार्ज के हवाले कर दिया वहीं सुबह जानकारी मिली कि सभी ने आपस मे समझौता कर लिया है और छोड़ दिए गए हैं नाबालिंग बालिका को भी उनके साथ पुलिस ने भेज दिया है अब सवाल उठता है कि यह कैसे समझौता है कोमल सरोज जिसकी जन्मतिथि 26 अक्टूबर 2006 है बालिका अपनी उम्र 14 वर्ष बता रही थी खुद धीरज सिंह यादव के साथ वह नही जाना चाहती थी उसको नए वस्त्र भी पहनाए गए थे अपने साथ पर्स में वो कुछ जेवर भी लिए थी।कहीं ये गरीब घर की लड़कियों के खरीद फरोख्त का धन्धा तो नही थी क्योंकि कोमल सरोज के अनुसार उसी की पारिवारिक बहन को कुछ महीने पहले दूसरी बिरादरी के लोगों ने शमशेर गंज मैनपुरी ले गए थे।जो कोमल सरोज के मां के अनुसार शादी की गई थी शादी के बाद वह दो बार मायके गिरधर पुर आयी भी थी।अब सवाल यही है कि नाबालिग छात्रा को बेचने के मामले में पुलिस का समझौता क्या हुआ।

### रात्रि सुरक्षा चेकिंग में बड़ी कार्यवाही

**कौशाम्बी।** इन दिनों जिले की पुलिस रात्रि चेकिंग कर बड़ी कार्रवाई कर रही है पुलिस कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक जनपद में रात्रि सुरक्षा की दृष्टि से चलाये गये व्यापक अभियान में कुल 71 हिस्ट्रीशीटर 29 सक्रिय अपराधी 18 नकबजनों को पुलिस द्वारा चेक किया गया तथा प्रमुख स्थानों पर संदिग्धों की चेकिंग करते हुए 37 वाहनों का देवेंद्र थाना पुलिस द्वारा चालान किया है।

## घर मे घुस कर महिला के साथ अश्लील हरकत

**बेरूवा कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के पंसौर गांव में में 17 जनवरी को रात 9 बजे महिला घर मे अकेली थी और महिला के पति मनोहर गंज स्टेशन की तरफ गए थे तभी गांव के एक व्यक्ति ने महिला से पूछा कि तुम्हारा आदमी कहा है जब महिला ने बताया कि स्टेशन की तरफ गए हैं। महिला ने इतना बताया तो नियत खोर ने महिला के साथ जोर जबरजस्ती करने लगा और महिला के हाथ पकड़कर खीचने लगा तो महिला ने चिल्लाना शुरू कर दिया तो नियत खोर ने महिला को छोड़कर जान से मार डालने की धमकियां देते हुए वहां से भाग गया जब महिला का पति स्टेशन की तरफ से घर वापस आया तो महिला ने अपने पति से आप बीती बताई है फिर महिला के पति ने नियत खोर के घर उलाहना देने के लिए गया तो नियत खोर ने महिला के पति को उल्टा सीधा बोलने लगा और विरोध करने पर महिला के पति को भी लाठी डंडे से पीटा हैं जिसमे महिला के पति के चेहरे के नीचे काट गया हैं और वही पर महिला के पति विहोश होकर गिर गया था महिला ने आज दिनांक 18 जनवरीको चरवा पुलिस को लिखित तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।

## तिल्हापुर पुलिस चौकी के नये भवन निर्माण का सीओ ने किया नींव पूजन

**चरवा कौशांबी।** पुलिस की समस्या को देखतें हुए तिल्हापुर पुलिस चौकी के नए भवन के निर्माण की शुरूआत भूमि पूजन कर सीओ चायल ने कर दिया है अभी तक पुलिस चौकी भवन गांव के जच्चा बच्चा केंद्र में संचालित हो रही थी। चौकी का कोई अपना भवन नहीं था। जिससे पुलिस कर्मियों को रहने में दिक्कते होती थी लेकिन नया भवन बनते ही यह दिक्कत दूर हो जाएगी।पुलिस अधीक्षक अभिनंदन के निर्देश पर उपजिलाधिकारी चायल ज्योति मौर्या ने राजस्व टीम व लेखपाल को गांव भेजकर चौकी के भवन के लिए सरकारी भूमि चिन्हित कराई। सोमवार को चौकी के नये भवन के लिए सीओ चायल श्यामकांत ने भूमि नींव पूजन किया नव निर्मित पुलिस चौकी के भवन का निर्माण ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा किया जायेगा।इस दौरान पीआरओ एसपी रामकुमार पांडेय, चौकी इंचार्ज हनुमान प्रताप सिंह,हेड कांस्टेबल अरविंद सिंह, कांस्टेबल संदीप यादव सहित तमाम तमाम ग्रामीण गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



सोमवार को चायल सीओ श्यामकांत ने पूजा कर रखी नये भवन निर्माण की नींव

# किसान विरोधी सरकार 2022 में होगी सत्ता से बाहर : शमीम

**गाँव गाँव चौपाल कार्यक्रम के माध्यम से किसानों को जागरूक करने का अभियान चला रही है कांग्रेस**



टीकरडीह (चमन्धा) ग्राम में तीन काले कानून के खिलाफ चौपाल में कांग्रेस नेता

**कोखराज कौशाम्बी।** कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी प्रियंका गांधी के निर्देश पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं विधायक अजय कुमार लल्लू के आवाहन पर संगठन जन अभियान के तहत जनपद कौशांबी के सिराथू विधानसभा के अंतर्गत न्याय पंचायत टीकरडीह(चमन्धा) ग्राम मे किसानों की जन समस्याओं व तीन काले कानून के खिलाफ गाँव गाँव चौपाल कार्यक्रम के माध्यम से किसानों को जागरूक करने का अभियान चला कर दिल्लीः में अपने किसान भाइयों का सहयोग कर समर्थन देने का कार्य कांग्रेस नेता कर रहे है । मीटिंग की अध्यक्षता जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष पप्पू मिश्रा ने की जिसके मुख्य अतिथि कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय कोआर्डिनेटर व पूर्व प्रदेश सचिव शमीम आलम रहे इस मौके पर शमीम आलम ने कहा कि यह किसान विरोधी सरकार हैं।जो 56 दिनों से इस ठंड में अपनी लड़ाई लड़ रहे किसानों की नही सुन रही हैं।वह आम जनता की क्या सुनेगें उन्होंने कहा कि यदि केन्द्र में कांग्रेस की सरकार होती तो यह दिन हमारे किसान भाइयों को नही देखना पड़ता इसका खामियाजा वर्तमान केंद्र की सरकार को भुगतना पड़ेगा इसका जबाब किसान भाजपा सरकार को समय आने पर जरुर देगा। जिला कांग्रेस कमेटी मानवाधिकार प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष जितेंद्र कुमार शर्मा ने कहा कि यदि हमारी सरकार उत्तर प्रदेश में किसान जवान आदोलन से यदि सरकार बनी तो उत्तर प्रदेश के किसी भी किसान का कर्जा नही रहेगा न ही किसी प्रकार के काले काननू का शिकार किसान मजदूर आम जनता को नही होने दिया जायेगा।कार्यक्रम संचालन कर रहे राम मिलन पासी ने संगठन जन अभियान के तहत न्याय पंचायत का गठन पूरी जिम्मेदारी और निष्ठा के साथ कर चुनाव में कार्यकताओं को जोड़ने व 2022 में में कांग्रेस की सरकार बनाने का संकल्प लिया। इस मौके पर कांग्रेस पार्टी के वक्ताओं ने कहा कि किसान त्राहि-त्राहि कर रहा है इस कड़ाके की ठंड में किसान सड़क पर पड़ा हुआ है लेकिन सरकार को तनिक भी परवाह नहीं है उक्त कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में उपस्थित जनता ने कांग्रेस पार्टी के नारे बुलंद किए और मुख्य अतिथि को बताया कि अबकी बार कांग्रेस सरकार बनेगी उक्त कार्यक्रम में उपस्थित मिसबाहुल एन राम प्रसाद सरोज, जिला सचिव छितानी लाल दिवाकर कोषाध्यक्ष बेद पांडेय न्याय पंचायत अध्यक्ष मान सिंह यादव वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अनिल कुमार पांडेय धारा सिंह,विनय सरोज सिराथू ब्लॉक अध्यक्ष मोहम्मद गुलाम , सुभाष,मोहम्मद जिलानी,फूलचंद ,लल्लू सरोज,रिन्कू कुशवाहा, राज मन तिवारी,आदि सैकड़ों की संख्या में जनता उपस्थित रही।

# विवाहिता के शव को दफनाने में मायके वालों ने किया विवाद

**प्रशासन के प्रयास से तीसरे दिन हुआ अंतिम संस्कार, तीन दिनों तक हलकान होती रही कई थानों की पुलिस**



विवाहिता के शव को दफनाने को लेकर मायके वालों से विवाद की सूचना पर पहुंची पुलिस

**जेठवारा।** थाना क्षेत्र के पंडित का पुरवा सराय इंद्रावत निवासी पन्ना लाल सरोज की पत्नी पूजा सरोज (24) ने रविवार की देर शाम पारिवारिक कलह की वजह से घर के अंदर फाँसी लगा कर अपनी जान दे दी थी ।घटना की सूचना पर पहुँचे मायके पक्ष के लोगो ने ससुराली जनो के ऊपर हत्त्या का आरोप लगाते हुए पति पन्ना लाल सरोज ससुर श्रीराम, व ननद शुशीला व सुषमा समेत सात लोगो के खिलाफ दहेज हत्त्या का मुकदमा दर्ज कराया था। उसके बाद जेठवारा पुलिस ने मृतका की लाश कब्जे में लेकर पीएम को भेज दिया था, पीएम हाउस से लाश जैसे ही गांव पहुँची आक्रोशित मायके वालों ने शासन प्रशासन व ससुराल वालो से कई मांगो को लेकर मृतिका का अंतिम संस्कार करने से रोक दिया। यह देख पुलिस के हाथ पांव फूलने लगे वह आनन फानन में घटना की जानकारी अपने उच्च अधिकारियों को दिया। जिसके बाद घटना स्थल पर जेठवारा थाने के साथ महेशगंज, बाघराय, कुंडा व हथिगवां की फोर्स मौके पर जमा हो गयी। कड़ाके की इस ढंड के बावजूद भी मायके वालों ने पुलिस की एक नही सुनी। आखिरकार घटना के तीसरे दिन मौके पर पहुँचे नायब तहसीलदार कुंडा बृज मोहन शुक्ला को मृतका के चाचा राम सेवक सरोज ने शासन प्रशासन से मृतका पूजा सरोज की ढेड़ वर्षीय पुत्री सेजल को दस लाख रुपये नगद, दो बीघे जमीन, व मृतका के ससुर श्री राम के हिस्से से आधी जमीन उसके नाम करने के साथ आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए मांग पत्र सौपा।। उसके बाद मायके व ग्रामीणों ने मिलकर मंगलवार को अपराह्न तीन बजे मृतका को आरोपी ससुर के पैतृक जमीन में दफन किया गया।

## शोपीस बना रानीगंज का दादूपूर पुर रेलवे स्टेशन

**रानीगज।** करोना कॉल से बंद ट्रेनों के चालू न होने से रानीगंज का दादूपुर रेलवे स्टेशन शो पीस बनकर रह गया है। उक्त रेलवे स्टेशन पर अभी तक ट्रेनों का ठहराव नहीं था ।एक ट्रेन कुछ दिन पहले जनता एक्सप्रेस चालू हुई है, जिसका टिकट दादूपुर रेलवे स्टेशन पर उपलब्ध नहीं है। ऐसे में आने जाने वाले यात्रियों को भारी समस्या का सामना करना पड़ता है । एक ट्रेन आती भी है और उसका भी टिकट न मिलने से यात्रियों को कोई सुविधा उपलब्ध नहीं हो पा रही है ।सरकार ने करोना काल को देखते हुए द्वितीय श्रेणी मैं आरक्षण नियम के अनुसार जो भी टिकट की व्यवस्था दी है, उसका भी लाभ लोग आरक्षण के बाद ही उठा पाएंगे। पहले लोग पैसेंजर ट्रेनों से अपनी रोजी रोटी के लिए जिला मुख्यालय, तहसील मुख्यालय पर जाया करते थे। ट्रेन बंद होने से गरीबों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। ट्रेन सुविधा के अभाव में लोगों को प्राइवेट बस और टेंपो से यात्रा करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने दादूपुर रेलवे स्टेशन पर आरक्षण केंद्र और पैसेंजर ट्रेनों के संचालन को चालू करने की मांग की है। तहसील मुख्यालय होने के कारण काफी दूर-दूर से लोगों का आना होता है ।

# मैजिक ऑटो की भिड़ंत में बुजुर्ग महिला की मौत

**पांच अन्य हुए घायल, गंगा स्नान कर घर लौट रहे थे मैजिक सवार लोग, बाघराय थाना क्षेत्र विहार विद्युत उपकेंद्र के समीप हुआ हादसा**

**कुंडा।** प्रयागराज से गंगा स्नान कर घर लौटते समय मैजिक-ऑटो की भिड़ंत में बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। मैजिक सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। महेशगंज थाना क्षेत्र के गोसाई का पुरवा राजापुर विंधन निवासी उमेश कुमार वैश्य परिवार के साथ गंगा स्नान करने प्रयागराज गए थे। मंगलवार को मैजिक से घर लौटते समय बाघराय थाना क्षेत्र के बिहार विद्युत उपकेन्द्र के सामने बाइक सवार को बचाने में मैजिक अनियंत्रित होकर ऑटो से टकराकर पलट गई। तेज आवाज सुनकर दौड़े आसपास के लोगों ने मैजिक में फंसे लोगों को बाहर निकाला। मैजिक पलटने से उमेश की मां कमलेश कुमारी (56) की मौत हो गई। मैजिक पर सवार उमेश कुमार वैश्य (40), उमेश की बेटी डाली (14), सेजल (12), कमला देवी (45) निवासीगण गोंसाई का पुरवा राजापुर विंधन महेशगंज एवं विनोद (35) निवासी मंडलभासौं बाघराय गंभीर घायल हो गए। सभी घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। कमलेश की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मैजिक को भी कब्जे में लिया है।

## युवा सपा नेता विवेक यादव ने बाबा भैरव नाथ धाम भाव पर मनाया अपना जन्म दिन

**बाघराय।** समाजवादी पार्टी के प्रबल समर्थक युवा नेता विवेक यादव ने अपने समर्थकों के साथ बाबा भैरव नाथ धाम भाव प्रांगण में पहुंच कर बाबा भैरव नाथ धाम मे पूजा अर्चना की व जन्म दिवस के मौके पर अपने समर्थकों के बीच जन्म दिवस मनाया ।समर्थकों ने युवा नेता विवेक यादव को मिठाइयां खिलाकर जन्मदिन की बधाई दी। युवा नेता विवेक यादव ने कहा कि आप लोगों के प्रेम को कभी भुला नहीं सकता।यह अपनत्व ऐसे ही हमेशा बना रहे। बाबा भैरव नाथ धाम से यही प्रार्थना है कि समाज में इसी तरह समरसता कायम रहे । इस मौके पर राजीव रंजन, सागर मिश्रा, प्रिन्शू, अभिषेक, चक्रेश, जयप्रकाश, नीरज, दुर्गेश, अनिल यादव, शिवांक राज, शिवम गुप्ता, संदीप, दीपू, पंकज, चंचल, करण विकास, हिमांशु, कुलदीप, गोपी, आशीर्वाद आदि समर्थक मौजूद रहे।

## अधिवक्ताओं की नाराजगी के कारण थाने में संपूर्ण हुआ समाधान दिवस

**मंगलवार को संपूर्ण समाधान दिवस तहसील परिसर में नहीं हो सका**



पट्टी तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस पर शिकायत सुनते अधिकारी

पट्टी। बार एसोसिएशन के सदस्यों ने सुबह ही तहसील के मुख्य गेट पर ताला जड़ दिया। इससे कोई भी अधिकारी-कर्मचारी तहसील परिसर में नहीं जा सका। इस पर एसडीएम पट्टी की अध्यक्षता में थाना परिसर में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें नायब तहसीलदार व सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। पट्टी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राधारमण मिश्र व अन्य अधिवक्ताओं की मांग है कि पट्टी एसडीएम का जब तक स्थानांतरण नहीं होगा, तब तक तहसील में तालाबंदी रहेगी। अधिवक्ता न्यायिक कार्यों से विरत रहेंगे। संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 35 मामले आए। राजस्व के 12 व पुलिस के 9 मामले थे। इसमें राजस्व के तीन मामलों का निस्तारण ही हो सका। अन्य मामलों के निस्तारण के लिए अधिकारियों को आदेशित किया गया है।

# शिकायतों का निस्तारण त्वरित गति एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से हो : डीएम



सम्पूर्ण समाधान दिवस पर शिकायत सुनते अधिकारी

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में मंगलवार को तहसील लालगंज में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें जिलाधिकारी ने दूर-दराज से आये हुये शिकायतकताओं की शिकायतों का क्रमबद्ध तरीके से सुना। सम्पूर्ण समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक शिवहरि मीना ने भी पुलिस विभाग से सम्बन्धित शिकायतों को सुना। लालगंज सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 289 फरियादी अपनी समस्याओं के निस्तारण हेतु उपस्थित हुये जिनमें से 08 शिकायतें इस प्रकृति की पायी गयी जिनका मौके पर निस्तारण कर दिया गया। कुल प्राप्त 289 शिकायतों में से 124 शिकायतें राजस्व विभाग से, पुलिस विभाग से 34, विकास विभाग से 17, समाज कल्याण से 02 एवं 112 अन्य विभागों से सम्बन्धित शिकायते सम्पूर्ण समाधान दिवस में आयी।

जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिला स्तरीय अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुये कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में जनता की जो शिकायतें प्राप्त हो रही है इन शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण तरीके से हो जाना चाहिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग से सम्बन्धित शिकायतें अधिक प्राप्त होने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुये उपजिलाधिकारी लालगंज एवं तहसीलदार लालगंज को कड़े शब्दों में निर्देशित करते हुये कहा कि राजस्व विभाग से सम्बन्धित जो भी शिकायतें प्राप्त हुई उसका निस्तारण त्वरित गति से किया जाये, राजस्व विभाग के प्रकरण में राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम बनाकर शिकायतों का निस्तारण समयबद्धता एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाये इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाये। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी स्तर पर शिथिलता या लापरवाही को बहुत ही गम्भीरता के साथ लिया जायेगा, इसलिये सभी अधिकारीगण शासन की मंशा के अनुरूप सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण त्वरित गति एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग के साथ सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय, उपजिलाधिकारी लालगंज राम नारायण, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 अरविन्द कुमार श्रीवास्तव सहित जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।